तापमान

अधिकतम 37.0 डिग्री

न्यूनतम 24.0 डिग्री

हरिभूमि

# इस्पात भूमि

रायपुर, शुक्रवार, 21 मार्च 2025



13 पाटन नपं में साफ-सफाई कार्य चल रहा जोरशोर से





13 चंगोरी स्कूल के प्रधानपाठक को विद्यालय के लिए मिला फूल पौधा






## खबर संक्षेप

### दुर्ग हमसफर एक्सप्रेस में एसी-3 कोच की सुविधा

**भिलाई।** रेलवे प्रशासन द्वारा यात्रियों की बेहतर यात्रा सुविधा व अधिकाधिक यात्रियों को कंफ़र्म बर्थ उपलब्ध कराने हेतु दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे से चलने वाली गाड़ी संख्या 22867/22868 दुर्ग-निजामुद्दीन-दुर्ग हमसफर एक्सप्रेस में एक एसी-3 कोच की सुविधा अस्थायी रूप से उपलब्ध कराई जा रही है। यह सुविधा गाड़ी संख्या 22867 दुर्ग-निजामुद्दीन हमसफर एक्सप्रेस में 21 से 25 मार्च 2025 तक तथा गाड़ी संख्या 22868 निजामुद्दीन-दुर्ग हमसफर एक्सप्रेस में 22 से 26 मार्च 2025 को उपलब्ध रहेगी । इस सुविधा की उपलब्धता से इस गाड़ी में यात्रा करने वाले अधिकाधिक यात्री लाभान्वित होंगे।गर्मी को मद्देनजर रखते हुए रेलवे द्वारा एसी कोच की सुविधा बढ़ाई जा रही है।

### गोस्वामी समाज का प्रांतीय सम्मेलन 22 से

**भिलाई।** छग दशनाम गोस्वामी समाज का दो दिवसीय वार्षिक अधिवेशन (महासभा सम्मेलन)का आयोजन शासकीय हायर सेकेंडरी स्कूल गनियारी शनिवार और रविवार को किया जा रहा है। वरिष्ठ समाजसेवियों का सम्मान, विवाह योग्य युवक युवती परिचय सम्मेलन भी किया जायेगा। उद्घाटन समारोह 22 मार्च को भिलाई चरौदा नगर निगम के महापौर निर्मल कोसरे के मुख्य आतिथ्य में होगा। दशनाम गोस्वामी समाज के प्रदेश अध्यक्ष गणेश भारती अध्यक्षता करेंगे और विशिष्ट अतिथि पूर्व पार्षद धर्मेन्द्र कोसरे,हीरा गिरी गोस्वामी संरक्षक, छग दश. गोस्वामी समाज इन्द्रजीत भारती प्रदेश उपाध्यक्ष सहित नंदिनी गोस्वामी,
खेमराज पुरी गोस्वामी,संतोष गोस्वामी,राजेन्द्र भारती गोस्वामी वरिष्ठ पत्रकार,राजकुमार साहू, अध्यक्ष शाला विकास एवं प्रबंधन समिति गनियारी उपस्थित रहेंगे। वहीं कार्यक्रम का समापन समारोह के मुख्य अतिथि राजमहंत डोमनलाल कोर्सवाड़ा विधायक अहिवारा होंगे। समाज के संरक्षक गजानंद गिरी गोस्वामी ने सामाज के लोगों से उपस्थिति की अपील की है।

# आरटीई पोर्टल में दस्तावेज अपलोड करने 'संशोधन' का विकल्प

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई

हरिभूमि लगातार

राज्य ने इस बार आरटीई पोर्टल में तकनीकी सुधार कर फिर से खोला है। इसमें दस्तावेज अपलोड करने संशोधन का विकल्प दिया गया है। जो लोग एक मार्च को आरटीई पोर्टल खुलने पर दस्तावेज अपलोड नहीं कर पाए थे उनके लिए यह विकल्प है। इसके अलावा अंत्योदय राशनकार्ड के आधार पर प्रवेश इस बार नहीं दिया जाएगा। इसलिए कि अंत्योदय राशनकार्ड के आधार पर पिछले कई सालों से बड़ा फर्जीवाड़ा हो रहा था। जिसे रोकने के लिए यह निर्णय लिया गया है।

### बीएसपी के मकानों का किरायानामा मान्य नहीं

आरटीई में प्रवेश मामले में एक और बड़ा निर्णय लिया गया है। किरायानामा के आधार पर फर्जीवाड़ा रोकने की कोशिश इस बार की गई है। बीएसपी के मकानों का किरायानामा के आधार पर बच्चों को प्रवेश नहीं दिया जा सकेगा। इसलिए कि बीएसपी के सर्वाधिक मकान कंडम हाल में हैं और लोग अपने पुराने पते के आधार पर बच्चों को प्रवेश दिलाने में सफल रहे हैं। पता की पुष्टि के लिए जब संबंधित स्कूल की टीम जाती है तो लोग वहां नहीं मिलते लेकिन सांठगांठ कर प्रवेश पा जाते हैं।

### इस बार अंत्योदय राशनकार्ड के आधार पर नहीं हो सकेगा प्रवेश



तकनीकी सुधार बिना ही खोल दिए आरटीई पोर्टल, तीन दि

पिछले साल 250 से ज्यादा डुप्लीकेट आवेदन किए पोर्टल हैकिंग कर 14 बच्चों का हुआ था दाखिला

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई

अलग खबर

निःशुल्क एवं अनिवार्य बाल शिक्षा अधिकार के अंतर्गत निजी स्कूलों में 25 प्रतिशत सीटें आरक्षित कर प्रवेश देने की प्रक्रिया एक मार्च से शुरू कर दी गई। राज्य से आरटीई पोर्टल खोला गया लेकिन उसमें तकनीकी सुधार नहीं किया गया।
जैसे ही पोर्टल खुला प्रदेशभर से 7 हजार 444 आवेदन तीन दिन में ही ऑनलाइन जमा भी हो गए। राज्यभर के 6 हजार 746 निजी स्कूलों में 44 हजार 173 सीटों में इस साल वर्ष 2025-26 शैक्षणिक सत्र के लिए दाखिला होना है। ⏭ शेष पेज 4 पर

पोर्टल पर यह पालकों को यह जानकारी

आरटीई पोर्टल पर पालकों को यह जानकारी दी जा रही है कि तकनीकी सुधार का ट्रायल चल रहा है। यह ट्रायल पूरा होते ही पोर्टल फिर से पालकों के लिए खोला जाएगा। विभागीय अधिकारियों के मुताबिक पिछले साल प्रवेश में जो गड़बड़ी हुई है उन्हे ट्रेस करने के लिए पोर्टल में तकनीकी सुधार किया गया है। उसका ट्रायल पूरा होने के बाद फिर से खोल देंगे।

### इस बार कम सीटों में प्रवेश

आरटीई में इस बार यानी वर्ष 2025-26 में कम सीटों पर प्रवेश मिलेगा। इसलिए कि राज्य से सीटें कम कर दी गई है। पिछले साल यानी वर्ष 2024-25 में 4298 सीटों के लिए दुर्ग जिले में प्रवेश प्रक्रिया पूरी की गई थी। लेकिन इस बार 4061 सीटों पर ही दाखिले होंगे। इस तरह 293 सीटें कम कर दी गई है।

### सहायक नोडल अधिकारी के पास आवेदन करें

निःशुल्क और अनिवार्य बाल शिक्षा का अधिकार अधिनियम 2009 अंतर्गत प्रवेश हेतु आनलाईन आवेदन 1 मार्च 2025 से आमंत्रित किया गया था। पोर्टल में तकनीकी त्रुटि होने के कारण 3 मार्च को सुधार हेतु संचालक लोक शिक्षण संचालनालय नवा रायपुर द्वारा पोर्टल बंद कर दिया गया। पुनः सुधार के साथ 13 मार्च को पोर्टल प्रारंभ किया गया, जिसमें पालकों से आवश्यक दस्तावेजों को अपलोड करने का विकल्प दिया गया है। जिला शिक्षा अधिकारी अरविंद मिश्रा से मिली जानकारी अनुसार जिन पालकों द्वारा 1 मार्च 2025 तक आवेदन किया गया है, उन्हें दस्तावेजों को अपलोड करने का विकल्प नही मिलने के कारण "संशोधन" का विकल्प दिया जा रहा है। सभी पालकों को सूचित किया जाता है कि यदि आपके द्वारा आरटीई पोर्टल (आरटीई डाट सीजी डाट एनआईसी डाट इन) आवेदन के साथ दस्तावेज अपलोड नही किये है तो आरटीई पोर्टल में आवेदन में संशोधन के लिए विकल्प से दस्तावेज अपलोड कर संबंधित सहायक नोडल अधिकारी के समक्ष आवेदन सहित दस्तावेज प्रस्तुत कर सकते हैं।

### वार्षिक बजट : इस बार निगम की आय बढ़ाने पर देंगे जोर

# आयुक्त ने पेश किया 513 करोड़ का बजट, 27 को सामान्य सभा

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई

सरकार बदलने के बाद भिलाई निगम का बजट इस बार वास्तवक्ति के आधार पर बनाया जा रहा है। शहर की सूरत बदलने की काल्पनिक योजनाओं को बजट में जगह नहीं मिलेगी। महापौर परिषद की वित्तीय वर्ष 2025.26 का अनुमानित बजट बैठक की अध्यक्षता महापौर नीरज पाल ने की।

बैठक में निगम आयुक्त राजीव कुमार पांडेय ने 513.41 लाख रुपए का बजट प्रस्तुत किया है। भिलाई निगम इस बजट में आय बढ़ाने पर जोर दिया है। वहीं ज्यादातर योजनाओं के लिए राज्य सरकार पर निर्भरता बनी रहेगी इसलिए पैसे की मंजूरी में दिक्कतें न आए इस तरफ भी ध्यान केंद्रित किया गया है।



### पिछले साल वास्तविक खर्च हुआ 308.66 लाख रुपए

भिलाई निगम ने वर्ष 2024-25 में अनुमानित बजट 620.51 लाख रुपए का रखा था। जबकि वास्तविक व्यय वर्ष 2023-24 में 308.66 लाख रुपए हुए थे। इसलिए वर्ष 2025-26 के अनुमानित बजट को कम किया जा रहा है। हालांकि इस बार के बजट में संशोधित बजट की भी गुजाइंश रखी जा रही है। ऐसी स्थिति में निगम आयुक्त राजीव कुमार पांडेय द्वारा महापौर परिषद में प्रस्तुत बजट संशोधन किया जा सकता है। महापौर नीरज पाल सामान्य सभा में इस साल का बजट प्रस्तुत करेंगे। जिन पर चर्चा के बाद मंजूरी होगी।

### 22 मार्च तक विकास कार्य जोड़ने का वार्ड पार्षदों को मौका

महापौर नीरज पाल ने एमआईसी बैठक के दौरान कहा कि शहर का सर्वागीण विकास होए लोक हित के कार्य किये जाए। महापौर पाल ने अपने विचार रखते हुए बताया कि इस वर्ष का बजट का अनुमान इस प्रकार का हो जो वास्तविकता पर आधारित हो। सभी बिंदुओं पर महापौर परिषद के सदस्यगण विचार कर ले। उन्हे लगता है कि क्षेत्र के विकास के लिए और कुछ भी जनकल्याणकारी कार्य जोड़ा जा सकता है। उसे भी 22 मार्च को समय 4:30 बजे तक महापौर के समक्ष प्रस्तुत कर दें। उस पर भी विचार किया जाएगा। हम सब का उद्देश्य है कि भिलाई शहर का चौमुखी विकास हो।

### डीएमएफ अनियमितता पर नहीं हुई चर्चा, बजट बैठक के बाद होगा निर्णय

चहेतों को काम दिलाने 8 करोड़ के कामों का बिना एमआईसी और सामान्य सभा से मंजूरी के टेंडर निकालने का मामले में गुरुवार को महापौर परिषद की बैठक में चर्चा नहीं हो सकी। करीब 8 करोड़ के स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स के इस काम के लिए राशि खनिज न्याद मद से स्वीकृत की गई है। कार्य के लिए नगर निगम भिलाई को एजेंसी बनाया गया है। निगम ने बिना महापौर परिषद से स्वीकृति लिए इन कामों की निविदा प्रक्रिया शुरू कर दी। यहां तक टेंडर भी जारी कर दिया। महापौर परिषद की पिछले दिनों हुई बैठक में इस विषय को लाया गया, जिस पर महापौर परिषद ने आपत्ति दर्ज कराते हुए आवश्यक संशोधन के निर्देश दिए। इसके बाद अनुमान लगाया जा रहा था कि गुरुवार को बजट के लिए बुलाई गई बैठक में इस विषय पर चर्चा होगी, लेकिन बजट पर ही चर्चा की गई। इस मामले पर कोई निर्णय नहीं लिया गया। अब बजट बैठक के बाद होने वाली महापौर परिषद की बैठक में इस प्रस्ताव को रखा जाएगा। स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स के अंतर्गत प्रियदर्शनी परिसर की रिक्त जमीन पर 4.92 करोड़ रुपए की लागत से स्वीमिंग पूल, 1.96 करोड़ से स्केटिंग ट्रैक, 1.09 करोड़ से हार्स राइडिंग ट्रैक, ऑडिटोरियम सहित अन्य कार्य होने हैं।

### निगम की आय बढ़ाने इन मुद्दों पर जोर

आयुक्त पाण्डेय एवं सभी सदस्यों निगम की आय बढ़ाने पर अपनी सहमति दी है। आय बढ़ाने के लिए अच्छी सड़कें, पेयजल, साफ- सफाई, उद्यानों एवं तालाबों का सौंदर्यीकरण, पार्किंग व्यवस्था, यातायाता के सुगम साधन बनाने, मनोरंजन, खिलाड़ियो के लिए अच्छी सुविधा, प्रकाश व्यवस्थाए नगर का सौंदर्यीकरण आदि पर जोर दिया गया है। बैठक में महापौर परिषद के सदस्य सीजू एन्थोनी, लक्ष्मीपति राजू, केशव चौबे, संदीप निरंकारी, साकेत चंद्राकर, लालचंद वर्मा, आदत्यि सिंह, चंद्रशेखर गंवई, मन्नान गफ्फार खान, नेहा साहू, मालती ठाकुर, निगम के सचिवव उपायुक्त नरेन्द्र बंजारे, जोन आयुक्त आदि उपस्थित रहे।

# अवैध खनन के विरोध में युवा कांग्रेस ने फूंका विधायक का पुतला, पुलिस से झूमाझटकी



हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

चंगोरी, बिरेझर, अंजोरा, कुथरेल, अंडा, अछोरी, नगपुरा, खप्परवाड़ा सहित आसपास के अन्य ग्रामीण क्षेत्रों में पिछले कुछ समय से धड़ल्ले से मुरुम का अवैध खनन का खेल चल रहा है। रात में 15 से ज्यादा गाड़ियां बेधड़क दौड़ रही हैं, और मुरुम का खनन और अवैध परिवहन किया जा रहा है। इसे लेकर युवा कांग्रेस के कार्यकर्ताओं ने गुरुवार की दोपहर अंजोरा चौक में जमकर प्रदर्शन किया। उन्होंने रीवा के एक ठेकेदार को राजनीतिक संरक्षण देने का आरोप लगाते हुए ग्रामीण विधायक का पुतला तक फूंक दिया। प्रदर्शन के दौरान युवा कांग्रेस के कार्यकर्ताओं ने जमकर नारेबाजी की। पुतला जलाने के दौरान पुलिस से जमकर झूमाझटकी भी हुई। युवा कांग्रेस के अध्यक्ष जयंत देशमुख ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में मुरुम का अवैध खनन नहीं रुकने की स्थिति में और भी उग्र आंदोलन किया जाएगा। इसकी पूरी जिम्मेदारी शासन-प्रशासन की होगी। उन्होंने कहा कि 15 से ज्यादा गाड़ियां हर दिन दौड़ रही है, इससे ग्रामीण खासे भयभीत है। पिछले दिनों नगपुरा में इन गाड़ियों की चपेट में आने से तीन मवेशियों की मौत भी हो गई। आपत्ति करने पर ठेकेदार द्वारा राजनीतिक और प्रशासनिक रसूख का धौंस दिखाया जाता है। उसके विरुद्ध न पुलिस कार्रवाई कर रही है, न ही प्रशासन, न खनिज विभाग और न ही आरटीओ।

- बाजार चौक अंजोरा में कार्यकर्ता का प्रदर्शन, जमकर की नारेबाजी, ठेकेदार को राजनीतिक संरक्षण देने का आरोप

गुरुवार को प्रदर्शन के दौरान बड़ी संख्या में कार्यकर्ता अंजोरा चौक पर एकत्रित हुए। ब्लॉक अध्यक्ष यशवंत देशमुख और महासचिव दीपांकर साहू के नेतृत्व में पुतला दहन कर विरोध दर्ज कराया गया। साथ ही भविष्य में अवैध मुरुम खनन बंद नहीं होने की स्थिति में चक्काजाम किए जाने की चेतावनी दी गई। प्रदर्शन के दौरान शुभम देशमुख, पंकज सिंह, आशीष वर्मा, हेमंत साहू, सूरज पारधी, पुकेश साहू, करण, रितवेश हरमुख, अजय वर्मा, पप्पू देशमुख, शैलेश देशमुख, कार्तिक देशमुख सहित अन्य मौजूद थे।

# चार दिन में 856 वाहन चालकों पर कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई

यातायात पुलिस ने सुरक्षा को मद्देनजर रखते हुए कार्रवाई कर रही है। जितेन्द्र शुक्ला, पुलिस अधीक्षक दुर्ग के द्वारा यातायात पुलिस को दिये गये सख्त निर्देश पर एवं ऋचा मिश्रा, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (यातायात) के मार्ग दर्शन तथा सतांनद विध्यराज, उप पुलिस अधीक्षक, (यातायात) के नेतृत्व में नशे की हालत में होने वाली सड़क दुर्घटनाओं, बिना हेलमेट की वजह सें होने वाली मौत, मालवाहक में सवारी ले जाते वाहनों को रोकने हेतु ऑपरेशन - सुरक्षा अभियान के तहत 4 दिन में 856 चालको के विरूद्ध कार्यवाही की गई। यातायात पुलिस दुर्ग द्वारा इस अभियान के तहत लगातार चौथे दिन भी दुर्ग जिले के ऐसे स्थान जो दुर्घटनाजन्य क्षेत्र में बिना हेलमेट वाहन चालान, मॉल वाहक वाहन में सवारी ले जाते एवं शाम 6 बजे से 12 बजे तक वाहन चालको को ब्रीथएनेलाईजर मशीन से चेक किया जा रहा है। जिसमें 68 वाहन चालक शराब का सेवन कर वाहन चलाते पाये गये, 762 बिना हेलमेट, 12 मॉल वाहक में वाहन ले जाते कार्यवाही किया गया साथ ही शराब सेवन कर वाहन चालको का वाहन जप्त कर माननीय न्यायालय के समक्ष पेश किया गया जिस पर न्यायालय द्वारा प्रत्येक वाहन चालको से 10,000 रूपये के अर्थदण्ड से दण्डित किया गया तथा यातायात पुलिस दुर्ग द्वारा उनके लायसंस निलंबन हेतु परिवहन विभाग को भेजा गया। यातायात पुलिस दुर्ग जिले के आम नागरिकों से अपील की है कि वाहन चलाते समय सदैव यातायात नियमों का पालन करे एवं किसी प्रकार का नशा करके वाहन न चलाये, बिना हेलमेट दो पहिया वाहन ना चलाये, मॉल वाहक वाहन में यात्रा ना करें स्वयं तथा दूसरो को सुरक्षित आवागमन करने दें।



- वाहन चालको के लायसेंस निलंबन के लिए परिवहन विभाग को भेजा

# महिला ने लगाई फांसी, जांच

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई

चार बच्चों की मां ने अपने घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। मिली जानकारी के मुताबिक बिहार की रहने वाली किरण की शादी साल 2016 में कैंप निवासी अविनाश से हुई थी। पिछले 7 सालों से दोनों के बीच अच्छे संबंध रहे। उनके 4 बच्चे भी हुए, लेकिन पिछले एक साल से पति-पत्नी के बीच अनबन चल रही थी। जिसके बाद 17 मार्च की रात किरण ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। किरण की मां के मुताबिक उसका दामाद अविनाश आदतन शराबी था। आए दिन शराब पीकर घर आता और उसकी बेटी से मारपीट करता था। बेटी अपने माता-पिता से बात करती तो बात भी नहीं करने देता था। मोबाइल छीनकर रख लेता था। मोबाइल का रिचार्ज नहीं करवाता था। किरण की मां ने बताया कि लगभग 6 महीने पहले भी अविनाश ने शराब के नशे में किरण से मारपीट की थी। उसने उसे बाल पकड़कर घसीटते हुए इतना मारा था कि उसके कपड़े तक फट गए थे। मामले में टीआई चेतन चंद्राकर ने बताया कि महिला ने फांसी लगाई है। कारण जांचने बाद ही पता चल पाएगा। पति अविनाश का कहना है कि, सोमवार की शाम वो अपने घर पहुंचा, तो किरण खाना नहीं बना थी। घर में सभी लोगों ने एक साथ खाना खाया। इसके बाद किरण ने मोबाइल रिचार्ज कराने के लिए भेजा। जब अविनाश रिचार्ज कराकर लौटा तो उससे झगड़ा करते हुए उसे नोचने लगी। इसी दौरान उसने घर का दरवाजा अंदर से बंद किया और फांसी लगा ली।


सस्ता सस्ता सस्ता

न्यु ओम ज्वेलर्स

शादी ब्याह में दुल्हनों के लिए एक से एक सुंदर वेरायटी के गहने उपलब्ध

जितने ग्राम सोना लेने पर उतने ही ग्राम की चांदी बिल्कुल फ्री



916 (22K), 833 (20K), 75 (18K) हॉलमार्क के गहने

अब बिल्कुल सस्ते दामों पर उपलब्ध

आज ही पधारें

सर्टिफाइड राशि रत्न उपलब्ध है

- 100% गारंटी सोना, चांदी, हीरा
- टोटल हाल मार्क जेवर
- स्पेशल पर्स, बैग फ्री
- रिपेयरिंग फ्री

शॉप नं. 64 बी इंदिरा मार्केट, दुर्ग



पाठक सूचना

हरिभूमि के सुधि पाठकों को अखबार की प्रतियां नहीं मिल रही हो या अन्य अखबार दिया जा रहा हो तो हमें निम्न नंबर पर संपर्क करें या वाट्सअप करें- दुर्ग, भिलाई

9300663610, 7489348301


### सीवरेज का गंदा पानी कॉलोनी से पहुंचेगा बीएसपी के पंपिंग स्टेशन

# तालपुरीवासियों को एसटीपी की तेज बदबू से मिलेगी मुक्ति

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई

तालपुरीवासियों को कॉलोनी में ही स्थापित सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट (एसटीपी) की तेज बदबू से निजात मिलने के रास्ते की सारी अड़चनें दूर हो गई हैं। रिसाली नगर निगम आयुक्त द्वारा पिछले साल 28 अक्टूबर को भेजे गए एक पत्र के जवाब में प्रदेश के नगरीय प्रशासन एवं विकास संचालनालय ने कॉलोनी के मलजल को बीएसपी के मौजूदा पंपिंग स्टेशन तक पहुंचाने की व्यवस्था के लिए 1 करोड़ 85 लाख 87 हजार रुपए की राशि स्वीकृत की। यह राशि 15 वें वित्त आयोग की मद से जुटाई जाएगी। संचालनालय के आदेश की सूचना रिसाली नगर निगम आयुक्त को इसी सोमवार को मिली।

### तालपुरीवासियों ने ली राहत की सांस

कॉलोनीवासियों को जैसे ही यह खबर लगी, लोगों ने राहत की सांस ली। मालूम रहे कि रिहायशी इलाके में एसटीपी होने से वे लंबे अरसे से दुर्गंधमय वातावरण में जीने के लिए मजबूर हो गए थे। तालपुरीवासियों ने इस समस्या से मुक्ति पाने के लिए प्रदेश के पूर्व गृहमंत्री ताम्रध्वज साहू से लेकर सांसद विजय बघेल और विधायक ललित चंद्राकर से गुहार लगाई थी, अब जाकर उनकी मेहनत रंग लाई। इतना अवश्य है कि बदबू से निजात मिलने में अभी वक्त लगेगा, क्योंकि निविदा प्रक्रिया अभी शुरू नहीं हुई है। यह प्रक्रिया पूर्ण होने के बाद ही पाइप लाइन बिछाने की समय सीमा तय होगी।



### तालपुरीवासियों के लंबे संघर्ष का यह है परिणाम



इस ज्वलंत समस्या के निराकरण की बाधाएं दूर करने में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, उप मुख्यमंत्री अरुण साव, सांसद विजय बघेल तथा विधायक ललित चंद्राकर का विशेष योगदान रहा। तालपुरीवासियों के लंबे संघर्ष का ही परिणाम था कि पाइपलाइन बिछाने का मार्ग प्रशस्त हुआ और हमें सफलता मिली।
-सविता ढवस, पार्षद

### इतना आसान नहीं था यह सफर

बीएसपी ने दोनों ब्लॉकों के एसटीपी की पाइप लाइन को अपने सीवेज पाइप से जोड़ने हेतु 11 सितंबर 2020 को एनओसी दे दिया था। एनओसी दिलाने में एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष सुनील चौरसिया की खास भूमिका रही। इसके बावजूद इस दिशा में कोई प्रगति न होने से पार्षद सविता ढवस ने 8 फरवरी 2022 को आयुक्त के सामने अपनी बात रखी तथा जनयाचिका के माध्यम से 17 फरवरी 2022 को शिकायत दर्ज कराई, जिसके जवाब में नगर निगम ने इस मद के लिए 2 करोड़ रुपए का प्रस्ताव भेजने की बात कही। मामला आगे बढ़ता न देख पार्षद ने एक बार फिर 24 अप्रैल 2023 को कलेक्टोरेट में शिकायत की। इसके करीब दस महीने बाद निगम आयुक्त ने 10 लाख से कम आबादी वाले शहरों के लिए उपलब्ध राशि में से 15 वें वित्त आयोग की मद से 1 करोड़ 95 लाख 16 हजार रुपए की राशि जारी करने का प्रस्ताव भेजा, लेकिन संचालनालय ने यह कहकर असहमति व्यक्त की कि प्रस्तावित कार्य 15 वें वित्त आयोग के टाइड ग्रांट (खास उद्देश्य) प्रावधान के अंतर्गत नहीं आते। प्रावधानों का हवाला देते हुए उसने आयुक्त को आयोग के दिशा-निर्देश के अनुरूप प्रस्ताव तैयार करने की सलाह अवश्य दी। आखिरकार पार्षद ने पिछले माह 23 तारीख को उप मुख्यमंत्री अरुण साव से एक पत्र के माध्यम से इस ज्वलंत समस्या के निराकरण के लिए उचित कार्यवाही करने की मांग की।

# भरी गर्मी में गांव की शोभा बनीं मिशन की टंकियां, काम छोड़ ठेकेदार हो गए गायब

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

भीषण गर्मी में पेयजल की समस्या गांव में सामने आने लगी है। लेकिन संकट के समय करोडों रूपए खर्च अमृत मिशन से बनाई गई टंकियों से सप्लाई शुरू नही हो सकी हैं। बोरवेल्स के भरोसे सप्लाई हो रही है। लेकिन गांव में अप इलाको में बोर का पानी नही पहुंच रहा है। ऐसे में पर्याप्त पानी के लिए ग्रामीण टंकियों से सप्लाई की मांग कर रहे हैं। जिले में ठेकेदारों को कार्य के बाद राशि का भुगतान नही होने के कारण वे रूचि नही ले रहे हैं। ऐसे में टंकी से पाइप लाइन जोडने का कार्य ठप हैं। समोदा के ग्रामीणों ने बताया कि, टंकी बनाने के बाद सप्लाई शुरू नही की गई हैं। यहां ग्राम पंचायत के पुराने बोरवेल्स से सप्लाई हो रही है। लेकिन पर्याप्त नही हैं। जिसके चलते यहां टैकरों से ग्राम पंचायत पानी की सप्लाई कर रही हैं। यही हाल नगपुरा का भी है, जहां टंकी बनने के बाद सप्लाई शुरू नही हो सकी हैं। जलजीवन मिशन के तहत अधूरा कार्य कर ठेकेदार गायब हो गए है। टंकियां बनने के बाद पाइप लाइन भी बिछाई गई हैं। कई जगह टंकी भरने बोरवेल्स किया गया है। इस बोरवेल्स को टंकी के पाइपलाइन में जोडने कार्य रह गया है। सूत्रों ने बताया कि, जल जीवन मिशन के तहत राशि का भुगतान नही होने से ठेकेदार नाराज हैं और वे काम छोड गायब हो गए है। हालात यह है कि, पीएचई विभाग के लिए चुनौती बढ गई है। टंकी में पाइप लाइन नही जुडने के कारण टेस्टिंग कार्य नही हो सका हैं। गर्मी में लोगों को राहत देने के लिए ही करोडो रूपए खर्च कर मिशन में कार्य कराया गया है। लेकिन संकट में ही राहत नही मिल रही हैं।

### जिले के 160 से अधिक गांव में टंकी का उपयोग नहीं

जिले के 385 गांव में मिशन के तहत पेयजल पहुंचाना है। इसमें करीब 201 गांव ऐसे है, जहां पाइप लाइन बिछ गई। लेकिन पानी का श्रोत नही होने के कारण अब यहां नदी के पानी को फिल्टर कर सप्लाई किया जाएगा। पीएचई विभाग का दावा है कि इस साल दिसंबर तक कार्य पूरा होगा। ऐसे में दो सौ से अधिक गांव में इस साल ग्रामीणों को राहत नही मिलेगी। सवा दो सौ गांव जहां जलस्तर डाउन होने से पानी की समस्या बनी हैं। इस समस्या के निराकरण के लिए यहां सात नल जल समूह बनाया गया हैं, जिसमें 225 गांव दायरे में आ रहा है। यानि नदी से संपवेल बनाकर ऐसे गांव में पानी पहुंचाना है।


नगपुरा की टंकी से सफलाई शुरू नहीं

### जिले के 385 गांव में से डेढ़ सौ से अधिक गांव में टंकियां से सप्लाई नहीं

### कई जगह टंकी बनी, लेकिन पाइप लाइन नहीं बिछी

जानकारी अनुसार नगपुरा, महमरा, बोरई जैसे गांव में टंकी तो बन गई। लेकिन यहां पाइप लाइन नही बिछी हैं। नगपुरा के पूर्व पंच बलराम कौशिक ने बताया कि, विभाग ने टंकी तो बना दिया। लेकिन पाइप लाइन नही बिछाया हैं। मिशन के तहत 385 गांव शामिल है। इसमें 281 गांव टंकी का निर्माण करना था। जिसमें अभी भी करीब 80 टंकी का निर्माण पूरा नही किया गया है। वही 167 गांव में पानी की सप्लाई अब तक शुरू नही हुई हैं। एई पीएस ठाकुर का कहना है कि, भुगतान की समस्या होने के कारण ठेकेदार काम में रूचि नही दिखा रहे हैं।

## खबर संक्षेप

### जामुल सीमेंट वर्क्स के संपूर्ण क्षेत्र संरक्षित घोषित

दुर्ग। कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी अभिजीत सिंह ने छत्तीसगढ़ राज्य सुरक्षा अधिनियम की धारा-26 (1)(2) के अंतर्गत राज्य सरकार द्वारा जिला मजिस्ट्रेट को दी गई अधिकारिता के अनुसार जामुल सीमेंट वर्क्स जिला दुर्ग की संपूर्ण क्षेत्र को एक वर्ष अवधि के लिए संरक्षित क्षेत्र घोषित किया है। जिला दण्डाधिकारी के आदेशानुसार उक्त संरक्षित क्षेत्र में विधि द्वारा अधिकृत व्यक्तियों एवं आवेदक द्वारा प्रवेश करने के लिए अधिकृत व्यक्तियों को छोड़कर अन्य व्यक्तियों का उक्त क्षेत्र में प्रवेश प्रतिषिद्ध रहेगा। यह आदेश, जारी तिथि 17 मार्च 2025 से अधिकतम एक वर्ष के लिए लागू रहेगा। इस आदेश में जिला मजिस्ट्रेट द्वारा आवश्यकतानुसार परिवर्तन किया जा सकेगा।


### 6वीं कक्षा में प्रवेश हेतु चयन परीक्षा 30 मार्च को

दुर्ग। पंडित जवाहर लाल नेहरू उत्कर्ष योजना अंतर्गत 30 मार्च 2025 को समय दोपहर 12 बजे से प्रयास आवासीय विद्यालय मालवीय नगर चौक दुर्ग में 6वीं की कक्षा में प्रवेश हेतु प्राक्कचयन परीक्षा का आयोजन किया जाएगा। सहायक आयुक्त आदिवासी विकास के अनुसार अनुसूचित जाति/जनजाति के छात्र-छात्राएं जो ग्रामीण-नपं क्षेत्र में निवासरत तथा 5वीं अध्ययनरत है।

### सीसी रोड निर्माण कार्य के लिए 7.30 लाख स्वीकृत

दुर्ग। कलेक्टर ने विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र विकास योजनांतर्गत प्रदत्त अधिकारों का उपयोग करते हुए दुर्ग ग्रामीण विधानसभा अंतर्गत दो कार्यो के लिए 7 लाख 30 हजार रूपए की स्वीकृत दी है। जिले के प्रभारी मंत्री विजय शर्मा द्वारा अनुशंसित उक्त कार्य का संपादन क्रियान्वयन एजेंसी जनपद पंचायत दुर्ग मुख्य कार्यपालन अधिकारी द्वारा की जाएगी। ग्राम कोटनी में राजेन्द्र निषाद घर से पीलू निषाद घर तक सीसी रोड निर्माण कार्य के लिए 3 लाख 20 हजार रूपए और ग्राम महमरा में कमलेश निषाद घर से स्कूल तक सीसी रोड निर्माण कार्य के लिए 4 लाख 10 हजार रूपए की प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की गई है।

### नेशनल गेम्स में तीरंदाजों ने जीता स्वर्ण पदक



राजनांदगांव। छत्तीसगढ़ के तीरंदाजों ने एक बार फिर राज्य का नाम रौशन किया है। ओडिशा के राउरकेला में आयोजित 7वें नेशनल मास्टर्स गेम्स 2025 में राज्य के खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन किया। हिरू साहू और वनीता साहू ने स्वर्ण पदक जीते। जबकि अजेन्द्र तांडेकर ने रजत पदक हासिल किया। यह जीत उनके असाधारण कौशल, समर्पण और उत्कृष्टता की अटूट प्रतिबद्धता का प्रमाण है। इनकी सफलता के पीछे महीनों की कड़ी मेहनत और प्रशिक्षण है, जिसे आईबी ग्रुप के साथ और भी मजबूती मिली। प्रोटीन फॉर ऑल पहल के तहत आईबी ग्रुप भारतीय एथलीटों को सहयोग देता आ रहा है। इससे पहले कंपनी ने अंतर्राष्ट्रीय पैरा एथलीट श्रिमंत झा को भी सहयोग किया था, जिन्होंने नॉर्वे ओपन पैरा आर्म रेसलिंग चैंपियनशिप में भारत के लिए रजत पदक जीता था। साथ ही पैरा आर्म रेसलिंग की नेशनल चैंपियनशिप में आईबी ग्रुप के सहयोग से 38 अन्य पैरा आर्म रेसलरों ने 54 पदक जीतकर छत्तीसगढ़ को गौरवान्वित किया।

## विडंबना : शहर में डेढ़ दर्जन इलाकों में लगाए गए हैं वाटर एटीएम

# वाटर एटीएम में फूंके एक करोड़ 56 लाख, उपयोग कौड़ी का नहीं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

*शहर के डेढ दर्जन इलाको में महज एक रूपए के दर से एक लीटर पानी देने का सपना दिखाने वाले नौकरशाह आंख मूंदे बैठे हैं। वाटर एटीएम के लिए डेढ करोड रूपए फूंक दिए गए, लेकिन वर्तमान में यहां एक बूंद पानी तक आम लोगों को नसीब नही हो रहा है। जिसके चलते जिम्मेदार अधिकारियों के खिलाफ लोगों को गुस्सा फूंटने लगा हैं।*

शहर में लगे एटीएम में लोग विज्ञापन चिपकाने का ही उपयोग कर रहे है। नगरनिगम के सामने लगा एटीएम का उपयोग ऐसे ही हो रहा है। लोग फिल्मी विज्ञापन व अपने बिजनेस का प्रचार प्रसार कर रहे है। जानकारी अनुसार वर्ष 2018 में 1 करोड 56 लाख 60 हजार रूपए की लागत से लगाई गई लाखों रूपए का वाटर एटीएम कबाड हो गया हैं। आगामी 2025 तक ठेकेदार को एटीएम मशीन का रखरखाव करना था। निगम प्रशासन की लापरवाही के कारण शहर में लगे 18 एटीएम कबाड हो गए हैं। निगम प्रशासन को हल्के में लेकर ठेकेदार मेंटेनेन्स बंद कर दिया हैं। हालात यह हैं कि, लाखों रूपए फूंकने के बाद लोगों की प्यास तो नही बुझी, लेकिन मोटी रकम पानी में बह गई। आयुक्त सुमीत अग्रवाल ने पूर्व में एटीएम संचालित करने ठेकेदार को नोटिस दिया गया था। लेकिन व्यवस्था में सुधार नही हुई हैं।

हरिभूमि सरोकार

### गर्मी में वाटर एटीएम से राहत की उम्मीद पर फिर रहा पानी



**खास बातें**

- संचालन का जिम्मा यूरो केयर कंपनी को दिया गया था
- निगम आयुक्त सुमीत अग्रवाल ने पूर्व में नोटिस दिया, लेकिन सुधार नहीं



### यहां बंद हैं एटीएम मशीने

पडताल करने पर नया बस स्टैंड, बोरसी हाट बाजार, पुलगांव कपडा मार्केट, नगरनिगम के सामने एटीएम, आरटीओ कार्यालय, पद्नाभपुर समृध्दि बाजार जैसे लगभग एटीएम बंद हैं। शहर में सार्वजनिक जगहो पर वाटर एटीएम लगाए गए थे। ताकि आम लोगों को शुध्द पानी का लाभ मिल सके। करोडो रूपए के इस मशीन को लगाने के बाद निगम द्वारा भुगतान भी कर दिया गया। लेकिन मानटरिंग नही किए जाने के कारण ठेकेदार ने वर्ष 2025 से पहले वर्ष 2021 में ही संचालन बंद कर दिया।

### यहां लगाए गए डेढ करोड के वाटर मशीन

शहरवासियों का गुस्सा बंद पडे वाटर एटीएम को देखकर फूट रहा हैं। वाटर एटीएम लोक अदालत नगरनिगम के सामने, शीतला सब्जी बाजार, पुलगांव कपड़ा मार्केट, बोरसी सब्जी (हाट) बाजार, नया गंज मंडी धमधा रोड, सिकोला सब्जी बाजार, मालवीय नगर चौक, जिला अस्पताल, सिंधिया नगर, आदित्य नगर जोन कार्यालय, राजेन्द्र पार्क के सामने, न्यू बस स्टैण्ड, इंदिरा मार्केट पार्किंग परिसर, वार्ड क्र. 59 कातुलबोर्ड चौक मुख्य मार्ग में एसएएफ बटालियन के सामने, जिला अस्पताल, आयुर्वेदिक अस्पताल, नया बस स्टैण्ड, दादा-दादी, नाना-नानी पार्क में लगे हैं।

## गौमाता संक्रमित होकर हो रहे बीमार

# गौठान में अव्यवस्था की कलेक्टर से की गई शिकायत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग



- गौशाला में चिकित्सा की कोई उचित सुविधा नहीं

गौठानों की देखरेख नही होने के कारण यहां अव्यवस्था की स्थिति निर्मित हैं।

मवेशियों को चारा देने व उनके देखरेख के लिए जिम्मेदारी की तैनाती तक यहां नही की गई है। जिसके चलते मवेशियों की हालात खराब हो रही हैं। भारतीय जनता युवा मोर्चा, छत्तीसगढ़ के प्रदेश सह कोषाध्यक्ष एवं पूर्व दुर्ग जिलाध्यक्ष नितेश साहू ने कोसानाला भिलाई नगर रेलवे स्टेशन के समीप स्थित गौठान में व्याप्त अव्यवस्था के कारण हो रही गौमाता की मृत्यु पर प्रशासन का ध्यान आकर्षित करने दुर्ग कलेक्टर अभिजीत सिंह को ज्ञापन सौंपकर गौठान की व्यवस्था दुरुस्त करने के साथ ही उसका संचालन करने वाले के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई करने आग्रह किया है। नितेश साहू ने बताया कि, राज्य की पिछली कांग्रेस सरकार के कार्यकाल में गौठान निर्माण की योजना की शुरुआत हुई थी। जिसके अंतर्गत कोसानाला भिलाई नगर रेलवे स्टेशन के समीप गौठान निर्माण हुआ जो कि, किसी निजी संस्था अथवा समूह के द्वारा संचालित होता आ रहा है, उक्त गौठान पूरी तरह से अव्यवस्थित रूप से संचालित हो रहा है। जहां गौमाता के बैठने रहने और भोजन की कोई उचित व्यवस्था नहीं की गई है। गौठान का निर्माण गौमाता के संरक्षण और उनके भोजन चिकित्सा की आवश्यकता को पूर्ण करने के लिए किया जाता है।

यह गौठान जहां न कोई सीमेंटीकरण हुआ है न कोई शेड है न गौ माता के बैठने की व्यवस्था है न खाने की व्यवस्था है। चिकित्सा के लिए कोई देखने वाला नहीं है। पूरा गौठान गंदगी से भरा हुआ है। चारा की व्यवस्था ना पीने के पानी की व्यवस्था है और भारी गंदगी की वजह से गौमाता संक्रमित होकर बीमार हो रही है। जिसके उपचार के लिए कोई उचित चिकित्सा की व्यवस्था भी नहीं है।

# निरीक्षण में पहुंचे आयुक्त बच्चों को देख पढ़ाने लगे




हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

नगर पालिक निगम भिलाई क्षेत्र अंतर्गत संचालित शासकीय कन्या विद्यालय सुपेला में नवनिर्मित बैडमिंटन कोर्ट एवं सामुदायिक भवन को आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय, जोन-2 जोन आयुक्त येशा लहरे एवं अधिकारियों को लेकर निरीक्षण करने पहुंचे। स्कूल परिसर में समग्र शिक्षा अभियान के तहत भवन निर्माण 8 लाख की लागत एवं महापौर निधि से बच्चों के खेलने के लिए मल्टीपरपस नवीन बैडमिंटन कोर्ट बनाया गया है। जिसका उपयोग स्कूल के बच्चों द्वारा किया जायेगा। स्कूल के शिक्षक के साथ चर्चा करते हुए आयुक्त ने जोन आयुक्त को कार्यो को शीध्र ही पूर्ण कराने निर्देशित किए।

### बच्चों से की चर्चा

आयुक्त पांडेय ने देखा क्लास रूम में परीक्षा होने के कारण तीसरी, चौथी कक्षा के बच्चों की पढ़ाई स्कूल में बने मंच पर बैठाकर कराई जा रही थी। कौतुहलवश सब लोग बच्चो के बीच पहुचं गये और बच्चो से पढ़ाई के बारे में चर्चा करने लगे, क्या पढ़ रहे हो, समझ में आ रहा है कि नहीं। होमवर्क कौन-कौन करके आता है, घर में जाकर कौन-कौन पढ़ाई करता है आदि के बारे में बच्चो से चर्चा किये और उनसे सवाल-जवाब भी किये। बच्चो से जब सवाल किया गया, वृत किसे कहते है, कौन बनाकर बतायेगा। कोई हाथ नहीं खड़ा कर रहा था, जबकि देखा गया कुछ बच्चे अपने कापी में बना लिए थे। आयुक्त ने शिक्षिका से कहा कि बच्चो में आत्म विश्वास की कमी है, उन्हे प्रोत्साहित किया करें। जानते हुए भी बच्चे जवाब देने में डर रहे है। बच्चों को बेझिझक होकर अपनी बातों को कहना चाहिए, जिससे उनका मनोबल बढ़ता है।

- नवनिर्मित बैडमिंटन कोर्ट व सामुदायिक भवन का आयुक्त राजीव कुमार पांडेय ने किया निरीक्षण

### शौचालय व निर्माण कार्य का निरीक्षण

आयुक्त ने वार्ड में हो रहे निर्माण, सफाई, शौचालय आदि का निरीक्षण किये। स्थानीय नागरिको से कार्यो के बारे में फीड बैक लिए। अनावश्यक रूप से कुछ जगहो पर स्ट्रीट लाईट जल रहा था, उसे बंद कराने के लिए सभी जोन आयुक्त को निर्देशित किये। किसी भी प्रकार से कोई भी लाईट दिन के समय जलते नहीं दिखना चाहिए। निरीक्षण के दौरान कार्यपालन अभियंता अरविंद शर्मा, सहायक अभियंता श्वेता वर्मा, जनसम्पर्क अधिकारी अजय शुक्ला, जोन सहायक राजस्व अधिकारी शरद दुबे, जोन स्वास्थ्य अधिकारी अनिल मिश्रा, जोन स्वच्छता निरीक्षक अंजनी सिंह आदि उपस्थित रहे।

### अस्पताल में 530 बेड अस्पताल की रखी मांग

दुर्ग। छत्तीसगढ़ प्रदेश स्वास्थ्य कर्मचारी संघ जिला दुर्ग के जिला अध्यक्ष सत्येंद्र गुप्ता के नेतृत्व में कलेक्टर अभिजीत सिंह से कर्मचारियों के विभिन्न समस्याओं जैसे 530 बिस्तर अस्पताल के अनुसार सेटअप की मांग की गई। सुरक्षा व्यवस्था दुरुस्त करने व कर्मचारियों पर की गई कार्यवाही को निरस्त करने हेतु अनुरोध किया गया। जिसमें उप प्रांतअध्यक्ष परमेश पाल संभागीय अध्यक्ष अजय नायक जिला अध्यक्ष सत्येंद्र गुप्ता महामंत्री लक्ष्मीकांत धोते सचिव खिलावन चंद्राकर अस्पताल संयोजक राघवेंद्र साहू नर्सिंग प्रकोष्ठ अध्यक्ष मंजू राय संयुक्त सचिव भूपेश उपाध्याय सुपेला अध्यक्ष सुशील सिंह उषा वर्मा एवं कर्मचारी गण शामिल हुए। अस्पताल में 530 बेड होने से हितग्राहियों को मिलेगी सुविधा।

# सभापति ने पूजा अर्चना कर संभाली कुर्सी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

पंरपरागत विधि विधान के तहत पूजा अर्चना कर सभापति श्याम शर्मा ने पदभार ग्रहण कर लिया हैं। नवनिर्वाचित सभापति श्याम शर्मा ने नगर निगम मुख्यालय में सभापति कार्यालयीन कक्ष में मुख्यातिथि विधायक गजेंद्र यादव, महापौर अलका बाघमार व जिला अध्यक्ष सुरेंद्र कौशिक की मौजूदगी में पंडित द्वारा किये गये वैदिक मंत्रोच्चार एवं शंख ध्वनि के मध्य पूजा अर्चना की। इस मौके पर सभापति श्याम शर्मा ने कहा कि, यह मेरे लिए गर्व, सम्मान और बड़ी जिम्मेदारी का क्षण है। शहर के विकास और जनता की सेवा के लिए पूर्ण निष्ठा और समर्पण के साथ कार्य करने के लिए प्रतिबद्ध हूं। सभी के साथ मिलकर शहर को और भी स्वच्छ, सुंदर और समृद्ध बनाएंगे। इस अवसर पर निगम सभापति श्याम शर्मा को विधायक, महापौर, भाजपा जिला अध्यक्ष सुरेंद्र कौशिक ने सभापति के कक्ष का फीता काटकर कुर्सी पर विराजमान कर उन्हें उनके सभापति कार्यकाल की बधाई दी। सभी नवनियुक्त एमआईसी सदस्य देवनारायण चन्द्राकर,नरेंद्र बंजारे, लीना दिनेश देवांगन, नीलेश अग्रवाल, ज्ञानेश्वर ताम्रकर,चंद्रशेखर चन्द्राकर, मनीष साहू, काशीराम कोसरे, हर्षिका संभव जैन, शशि साहू, शिव नायक, लीलाधर पाल, पार्षद सुरिचि उमरे, सावित्री देवी दमाहे, गुलशन साहू, कूलेश्वर साहू, रेशमा सोनकर, ललिता ठाकुर, सरिता चंद्रकार, कमल देवांगन सहित निगम अधिकारियों,कर्मचारियों, वरिष्ठ नेतागण, गणमान्यजनों, सामाजिक एवं भाजपा संगठनों के पदाधिकारियों, सामाजिक कार्यकर्ताओं, महिलाओं, नवयुवकों ने बुके, प्रदत्त करते हुए हार्दिक शुभकामनाएं दी।

- विधायक व महापौर के मौजूदगी में सभापति ने लिया पदभार




## सदस्य और अधिकारी ने विभागवार बजट पर किया चर्चा

# बजट प्रस्ताव पर बनी सहमति, अब दुर्ग नगर निगम की सामान्य सभा में होगा पेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

वर्ष 2025-26 के शहरीय बजट के लिए नगरनिगम में एमआईसी की बैठक गुरूवार को माहापौर अल्का बाघमार की अगुवाई में आहुत की गई थी। बैठक में विभागों से आए प्रस्ताव पर चर्चा किए जाने के बाद सहमति भी बनाई गई है। अब इस प्रस्ताव को सामान्य सभा में रखा जाएगा। बहरहाल अभी सामान्य सभा की तिथि तय नही हुई हैं। लेकिन मार्च में ही बजट पेश किया जाएगा। शहरीय बजट के लिए एमआईसी सदस्यों ने विभागवार प्रस्ताव मंगाए थे। इस प्रस्ताव को गुरूवार को एमआईसी में रखा गया। जहां विभागवार चर्चा के बाद इसे सामान्य सभा में रखने पर सहमति बनी हैं। उल्लेखनीय है कि, महापौर अल्का बाघमार द्वारा विगत दिनों व्यापारी व निजी संस्थान प्रमुखों से बजट के लिए प्रस्ताव मांगे गए थे। जिसमें डेढ सौ से अधिक सुझाव बजट के लिए मिले थे। गुरूवार को महापौर परिषद की बजट बैठक में महापौर अलका बाघमार की अध्यक्षता में बुलाई गई। नगर निगम आयुक्त सुमित अग्रवाल, सभापति श्याम शर्मा व महापौर परिषद के समस्त एमआईसी नरेंद्र बंजारे, देवनारायण चन्द्राकर, लीना दिनेश देवांगन, चंद्रशेखर चन्द्राकर, काशीराम कोसरे, ज्ञानेश्वर ताम्रकर, मनीष साहू, नीलेश अग्रवाल, शशि साहू, हर्षिका संभव जैन, शिव नायक, लीलाधर पाल की उपस्थिति में बजट विचारार्थ प्रस्तुत किया। उसके बाद बजट को सामान्य सभा में रखा जाएगा। इस दौरान महापौर परिषद के सदस्य सहित निगम उपयुक्त मोहेंद्र साहू, कार्यपालन अभियंता दिनेश नेताम, कार्यपालन अभियंता वीपी मिश्रा, कार्यपालन अभियंता आरके जैन, सहायक अभियंता गिरीश दिवान,बाजार अधिकारी संजय ठाकुर, सहायक अभियंता राजेन्द्र ढाबाले, लेखाधिकारी रमाकांत शर्मा, राजस्व अधिकारी आरके बोरकर,स्वास्थ्य अधिकारी धर्मेंद्र मिश्रा, कर्मशाला अधीक्षक शैएब अहमद एवं अधिकारी उपस्थित रहे।



### पार्षदों की समिति गठित नहीं

नगरनिगम के बारह विभाग के अनुसार प्रत्येक विभाग में आधा दर्जन पार्षदों को सदस्य बनाना है। बजट के पहले पार्षदों की समिति भी विभागवार गठित करनी होती हैं। लेकिन फिलहाल पार्षदों की समिति गठित नही हुई है। सभापति श्याम शर्मा ने बताया कि, पार्षदों की समिति भी जल्द गठित की जाएगी। प्रस्ताव पर सहमति बन गई है। जिसे सामान्य सभा में रखा जाएगा।

### शहरीय बजट का इंतजार

भाजपा ने नगरनिगम चुनाव में डेढ दर्जन से अधिक बिन्दुओं पर वादे किए थे। ऐसे में लोगों को बजट का बेसब्री से इंतजार भी है। इसमें प्रमुख रूप से संपत्ति में महिलाओं को छूट सहित कई वायदे शामिल है। ऐसे में माना जा रहा है कि, इस बजट में भाजपा के चुनावी वादे का भी जिक्र होगा।

## खबर संक्षेप



### कुम्हारी के वार्ड 15 में हुआ भूमिपूजन

**कुम्हारी।** कुम्हारी के वार्ड क्रमांक 15 में बुधवार को प्रथम भूमिपूजन का कार्य संपन्न हुआ। इस दौरान नगर पालिका परिषद अध्यक्ष मीना वर्मा, वार्ड नंबर 15 की पूर्व पार्षद रागिनी निषाद, पार्षद रितिका यादव, प्रवीण राव, अश्विनी देशलहरे, जल संसाधन विभाग हरभजन सिंह बाजवा, पूर्व पार्षद वार्ड नंबर 10 सुधाकर त्रिपाठी, पंकज वर्मा, पूर्व मंडल अध्यक्ष राजू निषाद, संदीप चंद्राकर, तृप्ति चंद्राकर, मनीष पॉल, विशाल राठौड़, दीपेश गोयल, पीडी वागले, वरिष्ठ भाजपा नेता राजकुमार सिंह, धर्मेंद्र सिन्हा भाजपा मंडल अध्यक्ष, पूर्व पार्षद मिथिलेश यादव, सुमित द्विवेदी, तिलक परिहार, गायत्री राठौर, लक्ष्मी राव, जया मूर्ति सहित वार्डवासियों की उपस्थिति रही।

### आलबरस में दो दिवसीय फाग प्रतियोगिता कल से

**अंडा।** जय मां सरस्वती जस एवं जगराता परिवार शिव शक्ति चौक एवं समस्त ग्रामवासी आलबरस के तत्वावधान में भव्य दो दिवसीय फाग प्रतियोगिता का आयोजन 22 मार्च एवं 23 मार्च को रखा गया है। जिसमें प्रथम पुरस्कार गायन वर्ग में 2501 रुपए फलेंद्र जिया धनकर द्वारा द्वितीय पुरस्कार 2001 रु. पुरस्कार प्रतीक एवं प्रेम की ओर से खेदू राम साहू द्वारा तृतीय पुरस्कार 1501 रु. सोनी एवं देवांगन द्वारा, चतुर्थ पुरस्कार 1001 रु. तिहारू ठाकुर द्वारा, पंचम पुरस्कार 701 रु. तोपेंद्र देशमुख द्वारा प्रदत्त। इसी प्रकार झांकी वर्ग में प्रथम पुरस्कार 3001 रु. फौजी पुलिस परिवार आलबरस द्वारा द्वितीय पुरस्कार 2501 रु. स्व. टीकम सिंह की स्मृति में भेलसिंह देशमुख, कुंवर सिंह देशमुख द्वारा, तृतीय पुरस्कार 2001 रु. राम रतन निषाद विनायक द्वारा, चतुर्थ पुरस्कार 1501 रु. लिखेश्वर देशमुख द्वारा, पंचम पुरस्कार 1001 रु. सुशील देशमुख द्वारा प्रदत एवं विशेष पुरस्कार रखा गया है। यह जानकारी जय कुमार देशमुख ने दिया और बताया कि इसी दिनांक को चंगोरी एवं अछोटी में भी कार्यक्रम रखा गया है। यह जानकारी चितरंजन साहू ने दी।

### भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा में लीनिमा प्रथम



**कुम्हारी।** भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा प्रतिवर्ष गायत्री मिशन शांतिकुंज हरिद्वार (उत्तराखंड) द्वारा आयोजित किया जाता है, जिसमें स्वामी आत्मानंद शासकीय अंग्रेजी माध्यम विद्यालय कुम्हारी की छात्रा लीनिमा साहू पिता अशोक कुमार साहू ने छत्तीसगढ़ राज्य में 2023-24 के लिए प्रथम स्थान प्राप्त किया। जिसे विद्यालय के प्राचार्य लता रघु कुमार एवं प्रभारी शिक्षक मोतीलाल साहू ने प्रमाण पत्र एवं 3000 रुपए नगद प्रदान कर पुरस्कृत किया। विद्यालय के समस्त शिक्षकों ने उनकी उपलब्धि पर शुभकामनाएं दी। जीपी सिंह, जीके वर्मा, अमल कुमार दुबे, आरके कोर्राम एवं समस्त शिक्षकों ने उज्जवल भविष्य की कामना की।

## निधन

### विष्णु प्रसाद शर्मा



**भिलाई।** डगनिया रायपुर निवासी विष्णु प्रसाद शर्मा (उपाध्याय) उम्र 76 वर्ष घटिया वाले का आकस्मिक निधन 20 मार्च को सुबह हो गया है। उनकी अंतिम संस्कार महादेवघाट मुक्तिधाम में किया गया। वे मीना उपाध्याय के पति और अविनाश उपाध्याय के पिता थे। वे अपने पीछे भरापूरा परिवार छोड़ गए हैं।

### रजिस्ट्री कार्यालय खोलने व नवीन भवन निर्माण के लिए राशि भी स्वीकृत

# अहिवारा में रजिस्ट्री कार्यालय खोलने से आसपास के ग्रामीणों को मिलेगी सुविधा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

अहिवारा विधायक राज महंत डोमन लाल कोर्सेवाडा एवं पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष नटवर ताम्रकार के सामूहिक प्रयास से वित्त मंत्री ओपी चौधरी ने वर्तमान बजट में अहिवारा क्षेत्र में रजिस्ट्री कार्यालय खोलने हेतु मंजूरी मिली है व नवीन भवन निर्माण के लिए राशि भी स्वीकृत की गई है।

नगर पालिका अहिवारा पूर्व अध्यक्ष व भाजपा दुर्ग जिला उपाध्यक्ष नटवर ताम्रकार ने जानकारी दी है कि वर्तमान बजट सत्र में अहिवारा में रजिस्ट्री कार्यालय खोलने की मंजूरी मिली है व इसकी नवीन भवन निर्माण के लिए राशि भी स्वीकृत प्राप्त हुआ है।

जिससे लिए पूरे अहिवारा नगर पालिका एवं आस पास के ग्रामीण क्षेत्रों में हर्षो उल्लास का माहौल बना हुआ है। बहुत दिनों से यह मांग थी कि आसपास के ग्रामीणों को जमीन खरीदी बिक्री के लिए रजिस्ट्री कार्य के लिए धमधा एवं दुर्ग जिला मुख्यालय जाना पड़ता है, जिसके कारण किसानों एवं आम नागरिकों को अत्यधिक असुविधा होती है। अहिवारा में रजिस्ट्री कार्यालय खोलने से आसपास के ग्रामीणों को और यहां के नागरिकों को बहुत सुविधा मिलेगी, अहिवारा नगर के बाजार एवं व्यापार की दृष्टि से काफी वृद्धि करेगा और क्षेत्र में नए रोजगार का सृजन भी होगा। जिससे यहां के स्थानीय व्यापारियों को भी लाभ मिलेगा। बुधवार को छत्तीसगढ़ विधानसभा में जाकर अहिवारा भाजपा मंडल के पदाधिकारी गण विधायक प्रतिनिधि अहिवारा सतीश साहू, जनपद अध्यक्ष धमधा लिमन साहू, जिला उपाध्यक्ष एवं पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष नटवर ताम्रकार, अहिवारा मंडल अध्यक्ष रामजी निर्मलकर, पूर्व मंडल अध्यक्ष राजेंद्र सिंह, लक्ष्मण क्षत्रीय, मंडल उपाध्यक्ष गणेश टंडन, महामंत्री संजय पांडे और अनुज साहू, मंडल मंत्री राजा शर्मा, वरिष्ठ भाजपा नेता वकील तांडी, सोशल मीडिया प्रभारी शिव शंकर कश्यप, युवा मोर्चा अहिवारा भाजपा मंडल मंत्री कीर्ति साहू एवं भाजपा नेता शेखर साहू आदि ने रायपुर में विधानसभा पहुंच कर वित्त मंत्री ओपी चौधरी एवं अहिवारा विधायक डोमन लाल कोर्सेवाड़ा से मुलाक़ात कर पुष्पगुच्छ भेटकर अहिवारा में रजिस्ट्री कार्यालय खोलने के लिए मंजूरी दी व इसके लिए नवीन भवन निर्माण हेतु स्वीकृति देने पर आभार प्रकट किये व धन्यवाद दिये।

**युवाओं और स्थानीय व्यापारियों को मिलेगा लाभ**



# पाटन नपं में साफ-सफाई कार्य चल रहा जोरशोर से



हरिभूमि न्यूज ▶▶| पाटन

पाटन नगर पंचायत अपने काम और नाम से जाने वाले नगर पंचायत की जोर-शोर से सफाई की जा रही है। पाटन नगर पंचायत जब से नये सीएमओ हेमंत कुमार वर्मा ने नगर पंचायत का पद संभाला है तब से पाटन नगर को स्वच्छ बनाने का अनोखे तरीक़े से कार्य कर रहे हैं। सीएमओ हेमंत कुमार वर्मा ने सुबह से पाटन नगर पंचायत के हर एक वार्ड का दौरा करते हैं। कर्मचारियों के साथ ही निकल पड़ते हैं। नगर पंचायत पाटन का कायाकल्प बदलने, साफ-सफाई और स्वच्छता बनाये रखने में बड़ी मेहनत कर रहे हैं। सीएमओ हेमंत वर्मा ने नगर पंचायत में स्वच्छता और साफ-सफाई के लिए अलग से टीम का गठन किए हुए हैं जो प्रतिदिन की तरह नगर को साफ-सुथरा और स्वच्छ बनाए रखने में अहम भूमिका निभा रहे हैं।जिस प्रकार पाटन नगर पंचायत में सफाई की जो योजना के तहत सीएमओ हेमन्त वर्मा जो कार्य कर रहे हैं उनके हिसाब से नगर में स्वच्छ और नगर को सफ़ाई में माहिर है। पाटन नगर पंचायत में पदस्थ कर्मचारी जलज पांडेय ने नगर के साफ़ सफ़ाई कराने में स्मार्ट वर्क करते हैं। पाटन नगर के जानता को एक बार फिर काम करने वाले सीएमओ मिल गया है। जनता की किसी भी प्रकार की समस्या को त्वरित रूप से निराकण करते हैं।

## रेत-मुरूम खनन पर विधायक रिकेश ने किया तारांकित प्रश्न


हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

छत्तीसगढ़ विधानसभा में वैशाली नगर विधायक रिकेश सेन ने दुर्ग जिला अंतर्गत खदानों में रेत व मुरूम खनन को लेकर तारांकित प्रश्न किया है। उनको जवाब में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने बताया कि दुर्ग जिले में खनिज रेत से 2023 से अब तक 2 लाख 3 हजार रुपए तथा खनिज मुरूम परिवहन अनुमति से कुल 2 करोड़ 29 लाख 65 हजार रूपये राजस्व की प्राप्ति हुई है। विधायक सेन ने सदन में यह भी पूछा कि क्या छत्तीसगढ़ राज्य में रेत व मुरूम खनन प्रतिबंधित है। जवाब में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने बताया कि छत्तीसगढ़ राज्य में रेत व मुरूम खनन पर कोई प्रतिबंध नहीं लगाया गया है। आपको बता दें कि दुर्ग ज़िले में शिवनाथ नदी से बड़ी मात्रा में रेत निकाली जाती है। इसके आलावा जिले में रेत की 71 खदानें हैं। पर्यावरण विभाग से एनओसी के बाद छह और खदानों को एनओसी मिलने की उम्मीद है। कलेक्टर के निर्देश पर अन्य खदानों की अनुमति के लिए भी पर्यावरण विभाग में आवेदन लगाया गया है।



■ विधायक के प्रश्न पर सीएम ने दिया यह जवाब, बताया दो वर्षों में कितना मिला

## चंगोरी स्कूल के प्रधानपाठक को विद्यालय के लिए मिला फूल पौधा



हरिभूमि न्यूज ▶▶| पाटन

शासकीय प्राथमिक शाला-चंगोरी संकुल केंद्र-बठेना के प्रधान पाठक विरेन्द्र कुमार साहू ने नवपहल प्रयास करते हुए जन सहयोग से सीएस एग्रो (नर्सरी) चंगोरी के संचालक चंद्रशेखर वर्मा ने विद्यालय के लिए अलग-अलग तरह की फूल पौधे जैसे रिकापाम, विद्यापत्ती, अशोक वृक्ष, गुड़हल, गुलाब, दशमत, विद्यालय को दान किया है। पेड़, फूल, पौधा विद्यालय की कीचन गार्डन, क्यारी एवं गमला में लगाया गया है। जो बहुत ही आकर्षक लग रहा है। प्रधान पाठक ने कहा कि शासन द्वारा चलायी जा रही योजना एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत पेड़ लगाया गया है। प्रधानपाठक के द्वारा विद्यालय एवं बच्चों के विकास के लिए निरंतर कार्य कर रहे हैं। संस्था के प्रधान पाठक विरेंद्र कुमार साहू, योगेश्वरी वर्मा, दीपिका बंदे, ललिता कोसरिया, सत्यवती मारकंडे, कृष्णा यादव, शाला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष चेतन वर्मा एवं सदस्य गण, वर्तमान सरपंच रजनी रामकुमार कुर्रे एवं पंचगण, पूर्व सरपंच यामिनी शेखर वर्मा, पालक गण सभी ने दानदाता के प्रति आभार व्यक्त किया है।

■ एक पेड़ मां के नाम के तहत चलाया जा रहा अभियान

## पुल-पुलिया निर्माण हमारे क्षेत्र के विकास के लिए महत्वपूर्ण कदम, जनता को मिलेगा प्रत्यक्ष लाभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

दुर्ग ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर की पहल पर दुर्ग ग्रामीण क्षेत्रों के विभिन्न ग्रामों में उच्च स्तरीय पूल पुलिया व सड़क बनाने साय सरकार ने अपनी बजट में राशि का प्रावधान कर जनहित में बड़ी सौगात दिए हैं। विष्णुदेव साय सरकार के दूसरे बजट में दुर्ग जिला अंतर्गत दुर्ग ग्रामीण विधान सभा क्षेत्र के विभिन्न ग्राम अंजोरा, भरदा, भानपुरी, चिरपोटी, अंडा, निकुम में पुल पुलिया बनाने व जंजगीरी, कुथरेल, निकुम, विनायकपुर, बोरसी, हनोदा, डुमरडीह, मोरीद, सोमनी पहुंच मार्ग सड़क बनाने दुर्ग ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर की मांग को वित्तमंत्री ओपी चौधरी ने सहज स्वीकारते हुए दुर्ग ग्रामीण में जनहित के विकास कार्यों बजट में शामिल किये हैं।

दुर्ग जिला अंतर्गत दुर्ग ग्रामीण विधानसभा क्षेत्रों के विभिन्न ग्रामों में बजट में स्वीकृत उच्च स्तरीय पूल पुलिया निर्माण जिसके अंतर्गत चिंगरी आलबरस मार्ग मे तांदुला नदी में उच्च स्तरीय पुल निर्माण कार्य अनुमानित लागत राशि 400 लाख रुपए,नगपुरा करेला मार्ग कोटनी के पास पर शिवनाथ नदी उच्च स्तरीय पुल निर्माण कार्य अनुमानित लागत राशि 2125 लाख रुपए, अंजोरा, चंगोरी भरदा मार्ग पर शिवनाथ नदी पर उच्च स्तरीय पुल निर्माण कार्य अनुमानित 1736 लाख रुपए, भानपुरी, कोकड़ी मार्ग में नाला पर उच्च स्तरीय पुल निर्माण कार्य अनुमानित लागत राशि 378 लाख रुपए, चिरपोटी-कातरो मार्ग में नाला पर उच्च स्तरीय पुल मय पहुंच मार्ग निर्माण कार्य अनुमानित लागत राशि 850 लाख रूपये के अंडा निकुम मार्ग पर तांदुला नदी पर उच्च स्तरीय पुल निर्माण कार्य अनुमानित लागत राशि 9395 लाख रूपये] रूदा से धीरी मार्ग के किमी 1/4 में शिवनाथ नदी पर उच्च स्तरीय पुल एवं पहुंच मार्ग निर्माण कार्य अनुमानित लागत राशि 300 लाख रुपए, जंजगिरी पहुंच मार्ग लं. 2 कि.मी का निर्माण कार्य अनुमानित लागत राशि 206.77 लाख रूपये, कुथरेल से भानपुरी पहुंच मार्ग उन्नयन एवं निर्माण कार्य लं. 4.20 कि.मी कार्य अनुमानित लागत राशि 658.32 लाख रूपये।

विनायकपुर से खप्परवाड़ा पहुंच मार्ग का उन्नयन एवं निर्माण कार्य लं. 4 किमी कार्य अनुमानित लागत राशि 600.00 निकुम से मासाभाट पहुंच मार्ग का उन्नयन कार्य एवं निर्माण कार्य लं. 4 किमी कार्य अनुमानित लागत राशि 3171.54 लाख रूपये। जिला दुर्ग के ग्राम निकुम विनायकपुर अंडा मार्ग लं. 13.40 किमी के चौड़ीकरण, मजबूतीकरण कार्य जिला दुर्ग के बोरसी हनोदा, कोकड़ी पाउवारा मार्ग लं 9.50 किमी कार्य अनुमानित लागत राशि 3836.95 लाख रुपए। डुमरडीह, डुंडेरा, मोरीद, सोमनी मार्ग लं. 12.475 किमी कार्य अनुमानित लागत राशि 4616 लाख रुपए कार्यों की सौगात मिला है। दुर्ग ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर ने बताया कि मुख्यमंत्री विष्णु देव साय व वित्त मंत्री ओपी चौधरी के समक्ष हमारे क्षेत्र में पुल-पुलिया की समस्याओं को अवगत कराया था उसको सहजता स्वीकार करते हुए क्षेत्र में उच्च स्तरीय पूल पुलिया निर्माण कार्य के लिए बजट में स्वीकृति मिली है, जो हमारे क्षेत्र के विकास के लिए एक महत्वपूर्ण कदम है। यह परियोजना न केवल हमारे क्षेत्र की सड़कों को सुधारने में मदद करेगी।



■ विधायक ललित के प्रयासों से क्षेत्र में बनेगा उच्च स्तरीय पूल-पुलिया

## ओटेबंद बगीचा मंदिर परिसर में होली मिलन समारोह

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंडा

श्री विष्णु धाम महायज्ञ ओटेबंद बगीचा मंदिर परिसर में होली मिलन समारोह सम्पन्न हुआ। इस अवसर पर समिति द्वारा कुलेश्वर ताम्रकार का कार्यक्रम रखा गया था। ताम्रकार ने ममता देशमुख और अपने टीम के साथ कार्यक्रम को सफल बनाया। इस आयोजन में समिति के सदस्य शेर सिंह देशमुख, बिरेन्द्र दिल्लीवार, लवकुश चंद्राकर, बब्ला चंद्राकर, पुरूषोत्तम चन्द्राकर, सोनू चन्द्राकर, ओटेबंद भाजपा मंडल अध्यक्ष कुलदीप साहू, भगवान सिंह चन्द्राकर, रोहित चंद्राकर, टिकेन्द्र साहू , नवनिर्वाचित अध्यक्ष जनपद पंचायत गुण्डरदेही पुरूषोत्तम चन्द्राकर, सरपंच जीवन लाल साहू, सरस्वती, इन्द्रजीत चन्द्राकर, सत्यवती साहू, पूर्व सरपंच व बाजार ठेकेदार खेमन लाल चन्द्राकर, मनोज सेन, हीरा लाल, शोभा राम साहू, डाला राम साहू, पुखराज निर्मलकर, उत्तम साहू, कोमल साहू, डॉ. डिलेश देशमुख, यशवंत साहू, कुलेश्वर साहू, योगेन्द्र चन्द्राकर, विक्की चन्द्राकर सहित अन्य ग्रामीण जन उपस्थित थे। मंदिर के सदस्य बिरेन्द्र दिल्लीवार ने कहा कि इस होली मिलन समारोह को बहुत ही धूमधाम से व शांतिपूर्ण रूप से मनायें गये। सभी ग्रामीणों ने मिल जुलकर होली गाना में झूम उठे और सभी में रंग गुलाल लगाये और गले मिलकर सबको बधाई दी गई।

■ होली गीत में झूम उठे लोग, दी एक-दूसरे को बधाई



## ऑपरेशन सुरक्षा के तहत 16 नशेड़ी वाहन चालकों पर की गई कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

ट्रैफिक पुलिस का ऑपरेशन सुरक्षा के तहत चलाए जा रहे अभियान में दो दिनों में 46 शराबी वाहन चालको पर कार्रवाई कर चालान किया गया। ट्रैफिक एसपी ऋचा मिश्रा ने बताया कि दुर्ग जिले के ऐसे स्थान जो हादसों का क्षेत्र शाम 6 से 12 बजे तक वाहन चालको को ब्रीथ एनेलाईजर मशीन से चेक किया गया। जिसमें 16 वाहन चालक शराब का सेवन कर वाहन चलाते पाये गये। उक्त वाहन चालको का वाहन जप्त कर न्यायालय के समक्ष पेश किया गया। न्यायालय द्वारा प्रत्येक वाहन चालको से 10 हजार रूपये के अर्थदण्ड से दण्डित किया गया। ट्रैफिक पुलिस दुर्ग द्वारा उनके लायसंस निलंबन के लिए परिवहन विभाग को भेजा गया। ट्रैफिक पुलिस ने अपील की है कि वाहन चलाते समय सदैव ट्रैफिक नियमों का पालन करे और किसी भी प्रकार का नशापान न करे।



### सरपंच-सचिव से आबकारी विभाग के अधिकारी बना रहे दबाव

## शराब दुकान खोलने की तैयारी से ग्रामीणों में आक्रोश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पाटन

ब्लॉक के ग्राम फुंडा में इन दिनों गुपचुप तरीके से एक बार फिर शराब दुकान खोलने की तैयारी की जा रही है। इसके लिए पंचायत के सरपंच और सचिव के पास आबकारी विभाग के अधिकारी कर्मचारी जाकर प्रस्ताव देने के लिए दबाव बना रहे हैं। जैसे ही इसकी खबर ग्रामीणों को मिली तो गांव में इसका विरोध शुरू हो गया है। गुरुवार को सामाजिक कार्यकर्ता चंदू गोस्वामी के नेतृत्व में महिलाओं ने शराब दुकान खुलने का विरोध किया। साथ ही निर्णय लिया गया कि शराब दुकान खुलेगी तो हर स्तर पर विरोध किया जाएगा। विरोध करने वालों में प्रमिला यादव, रेवती मानिकपुरी, रेखा, गोमती गोस्वामी, रीना वर्मा, रुख्मणि वर्मा, कस्तूरा ठाकुर, मंटोरा वर्मा, अनिता ठाकुर, जाग्रतिन ठाकुर, कुमारी यादव, भारती मानिकपुरी, मानसी वर्मा, उमा मानिकपुरी, गंगोत्री वर्मा सहित अन्य शामिल है। सामाजिक कार्यकर्ता चंदू गोस्वामी ने बताया कि पहले भी फुंडा में दो बार शराब दुकान खुल चुकी है। जिसके कारण गांव को शांति व्यवस्था भंग होती रही है। ग्राम का माहौल काफी खराब हो रहा था। आए दिन मारपीट, चोरी, लड़ाई, झगड़ा का मामला बढ़ गया था। बच्चे भी शराब के आदि हो रहे थे। शराब दुकान बंद होने से ग्रामीणों ने राहत की सांस ली है। अब फिर से शराब दुकान खुलने की खबर से ग्रामीणों का आक्रोश बढ़ता जा रहा है।



**सरपंच-सचिव को जनपद बुलाया गया**

जानकारी मिली है कि शराब दुकान मामले को लेकर ही ग्राम फुंडा के सरपंच और सचिव को जनपद पंचायत सीईओ ने बाबू के मध्यम से फोन कर जनपद पंचायत बुलाया था। बुधवार को सरपंच और सचिव गए भी थे लेकिन सीईओ नहीं होने से मुलाकात नहीं हो पाया। आज फिर सरपंच और सचिव को बुलाया गया है। ग्राम पंचायत फुंडा के सरपंच रोशन वर्मा, उपसरपंच राजेंद्र वर्मा ने बताया कि आबकारी विभाग के है कहकर कुछ गांव आए थे। उनसे मुलाकात हुई तो वे पंचायत से शराब दुकान खोलने के लिए प्रस्ताव देने की मांग कर रहे थे। जिस पर सरपंच, उपसरपंच ने तत्काल प्रस्ताव देने से मना किया।

## सेन समाज के शेरसिंह अध्यक्ष रघुबर उपाध्यक्ष व संतोष बने सचिव



**जामगांव आर।** नगर सेन समाज भवन में सेन समाज का चुनाव संपन्न हुआ। चुनाव अधिकारी अशोक सेन एवं महेश सेन थे। चुनाव में सभी पदों पर निर्विरोध निर्वाचन हुआ। जिसमें अध्यक्ष शेर सिंह श्रीवास को चौथी बार सर्व सेन इकाई का अध्यक्ष बनाए गए। कार्यवाहक गजानन सेन एवं उपाध्यक्ष रघुवर सेन, कोषाध्यक्ष योगेश श्रीवास, सचिव संतोष श्रीवास चुने गए। वहीं शेर सिंह श्रीवास सेन समाज के ब्लॉक उपाध्यक्ष भी है। इस अवसर पर जामगांव आर इकाई में आने वाले 28 ग्रामों का सभी सदस्य उपस्थित रहे जिसमें समाजसेवी महेंद्र सेन भैंसबोड़, गोकरण सेन मर्रा, चोवाराम श्रीवास बेलौदी, संतोष श्रीवास गुढ़ियारी, नंदकुमार तिलोदा आदि उपस्थित थे। नवनिर्वाचित पदाधिकारी का सम्मान एवं पुराने पदाधिकारियों को विदाई दी गई।

## खबर संक्षेप



### एटक ने इस्पात मंत्री से की लंबित एरियर्स की मांग

**भिलाई।** भिलाई स्टील मजदूर सभा इस्पात मंत्री एचडी कुमार स्वामी के साथ एटक प्रतिनिधि मंडल मिलकर एनएमडीसी का वेतन समझौता कार्यान्वयन और सेल के वेतन समझौता का 39 माह का एरियर भुगतान के मामले में चर्चा की। विलंब से हो कर्मियों को हो रहे नकुसान के बारे में बताया। मंत्री ने समाधान का आश्वासन दिया।प्रतिनिधि मंडल में एटक के उपाध्यक्ष एवं सांसद कामरेड शुब्बारायण, एटक उपाध्यक्ष विद्यासागर गिरि, एटक सचिव वहीदा निजाम, एनएमडीसी के नेता राजेश संधू, बीवी दुर्गा राव एवं उदय कुमार शामिल थे।

### प्रवीण निगम ने ईडी वित्त का लिया कार्यभार



**भिलाई।** भिलाई इस्पात संयंत्र में प्रवीण निगम ने गुरुवार को कार्यपालक निदेशक (वित्त एवं लेखा) के पद का कार्यभार ग्रहण किया। पूर्व में वे सेल के कॉर्पोरेट कार्यालय, नई दिल्ली में कार्यपालक निदेशक (वित्त एवं लेखा) के पद पर पदस्थ थे। श्री निगम ने अपनी सेवा यात्रा सेल – आईएसपी में कनिष्ठ प्रबंधक के रूप में आरंभ की। 21 वर्षों तक विभिन्न पदों पर कार्य करते हुए उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। जून 2010 में सहायक महाप्रबंधक (वित्त एवं लेखा - आईएसपी) के पद पर पदोन्नति प्रदान की गई। जून 2014 में वे डीजीएम (वित्त एवं लेखा) बने। 27 सितम्बर, 2019 को श्री निगम को राउरकेला स्टील प्लांट (आरएसपी) में मुख्य महाप्रबंधक (वित्त एवं लेखा) नियुक्त किया गया और फरवरी 2021 में वे मुख्य महाप्रबंधक प्रभारी पदोन्नत किए गए। फिर ईडी बने।

# 11 अफसरों की अनिवार्य सेवानिवृत्ति के विरोध में ब्लैक बैच लगाकर किया विरोध

## सेफी ने कहा- प्रबंधन के निर्णय से गिरेगा मनोबल

हरिभूमि न्यूज ▸▸ भिलाई

सेल में 11 अधिकारियों को समयपूर्व अनिवार्य सेवानिवृत्ति दिए जाने के विरोध में सेफी के आव्हान पर गुरुवार को भिलाई इस्पात संयंत्र, भिलाई और दल्ली राजहरा माइंस के अधिकारियों द्वारा ब्लैक बैच लगाकर अपना विरोध दर्ज कराया।

सेफी से संबद्ध सभी इकाईयों के प्रतिनिधियों ने सर्वसम्मति से सेल में समयपूर्व अनिवार्य सेवानिवृत्ति लागू करने का विरोध किया। पहले चरण में सेल के सभी इकाईयों में गेट मीटिंग के माध्यम से 18 मार्च को विरोध प्रदर्शन किया गया था। मुर्गा चौक सेक्टर एक में ओए के बैनर तले बीएसपी अधिकारियों ने शाम एक घंटा विरोध प्रदर्शन किया था। दूसरे चरण में आज अधिकारियों ने ब्लैक बैच लगाकर विरोध दर्ज कराया गया।

सेफी चेयरमेन एवं ओए अध्यक्ष नरेन्द्र कुमार बंछोर ने सेल में अनिवार्य सेवानिवृत्ति लागू किए जाने की निंदा की है और ब्लैक बैच लगाने के लिए अधिकारियों को आभार जताया है।




### न्याय के लिए जाएंगे अदालत

श्री बंछोर ने प्रबंधन के निर्णय को अधिकारियों को हतोत्साहित करने वाला बताते हुए इसे वापस लेने की मांग की है ।। कहा कि सार्वजनिक क्षेत्र के इस्पात उद्योगों के मर्जर जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर ध्यान देना राष्ट्रहित में होगा व अधिकारियों को अनिवार्य सेवानिवृत्ति देना जनहित में नहीं है। विदित हो कि सेल प्रबंधन ने अनिवार्य सेवानिवृत्त किए गए अधिकारियों द्वारा समयपूर्व अनिवार्य सेवानिवृत्त के आदेश को निरस्त करने की अपील खारिज कर दी है। सेफी चेयरमेन ने बताया कि सेफी ने प्रभावित अधिकारियों को न्याय दिलाने के लिए न्यायालय में जाने का निर्णय लिया है।

## सुरक्षा पर फोकस व जांच रिपोर्ट सार्वजनिक करने और चर्चा से थमेंगे हादसे

# बीएसपी में बढ़ी दुर्घटनाएं, नियंत्रण के लिए यूनियनों ने बढ़ाया दबाव

हरिभूमि न्यूज ▸▸ भिलाई

भिलाई इस्पात संयंत्र में बढ़ रही दुर्घटनाओं को लेकर यूनियनों ने प्रबंधन पर दबाव बढ़ाना शुरु कर दिया है। सीटू ने दुर्घटनाओं पर अंकुश लगाने सुरक्षा बढ़ाने के साथ जांच रिपोर्ट सार्वजनिक किए जाने की मांग की है। सीटू ने मंगलवार को प्लेट मिल में हुई दुर्घटना की जांच के बाद सीटू ने पाया कि पूरे मामले को दुर्घटना और भी भयावह हो सकती थी लेकिन कुछ कर्मियों की सूझबूझ से उस दुर्घटना को जानलेवा घटना होने से बचाया गया । लोडिंग क्रेन के स्टॉपर का स्प्रिंग एक ठेका श्रमिक के कंधे को चोटिल करते हुए क्रेन पर चढ़ने वाले प्लेटफार्म के बीच में गिरा लेकिन प्रबंधन यह बता रहा है कि स्प्रिंग पहले प्लेटफार्म पर गिरा उसके बाद उछलकर कंधे से टकराया है। यूनियन के मुताबिक स्टील बनाने के लिए जिस एथिकल पॉलिसी की घोषणा की गई है वह संयंत्र के माहौल को बेहतर बनाने की सोच पैदा करता है मर्चेंट मिल में हुए फेटल एक्सीडेंट एवं प्लेट मिल में हुए दुर्घटना हाउसकीपिंग का ना होना दुर्घटना के लिए एक बड़ा कारण है।प्लेट मिल के लोडिंग रेलवे ट्रैक के ठीक ऊपर लोडिंग क्रेन के केबिन बने हुए हैं केबिन में बैठा हुआ कर्मी प्लेट्स को उठाकर लोडिंग वैगन में रखते समय लोडिंग ट्रैक एवं वेगन पूरा एवं साफ-साफ नहीं दिखाई देता है। कर्मियों के कई बार शिकायत के बाद भी प्रबंधन निराकरण की दिशा में कोई पहल नहीं किया गया है । 34 नंबर ई ओ टी क्रेन का केबिन भी क्षतिग्रस्त है बावजूद इसके जैसे तैसे उस क्रेन को चलाया जा रहा है।

#### सीटू ने की प्लेट मिल दुर्घटना की जांच



### श्रमिक चलाते हैं लोडिंग क्रेन

ओटी क्रेन ऑपरेशन को हमेशा से ही उच्च दक्षता वाला कार्य माना जाता है जिस कार्य को अब ठेका श्रमिक करने लगे हैं प्लांट के कई विभागों में लोडिंग जैसे उच्च दक्षता वाले कार्य को ठेका श्रमिकों के हवाले कर दिया जा रहा है जिनका ना तो दक्षता ट्रेनिंग करवाया जाता है ना ही सुरक्षा के सारे नियमों को बताया जाता है । क्रेन से होने वाली दुर्घटनाओं का बढ़ना अब आम गया है। मर्चेंट मिल में 31 जनवरी को ठेका श्रमिक की मृत्यु हो गई थी।

### प्लेटमिल में भारी स्प्रिंग मजदूर पर गिरी

मंगलवार को प्लेट मिल में हुई दुर्घटना में एक ठेका मजदूर घायल हो गया था। मैकेनिकल पार्ट क्रेन नं. 34 के अंदर बड़ी क्रेन की स्प्रिंग टूटकर झूलने लगी। मजदूरों के शोर मचाने के बाद भी सेफ्टी विभाग समय पर नहीं पहुंचा । एक क्रेन आपरेटर के ध्यान नहीं दिए जाने से डैमेज हालत में ही क्रेन चल गया। स्प्रिंग का टुकड़ा मजदूर लक्ष्मण प्रसाद के कंधे पर गिर गया। उसकी बेहोशी में काम कर रहे मजदूर उसकी मौत हो गई कहकर चिल्लाए तब मेडिकल टीम पहुंची और उसे सेक्टर नौ हास्पिटल में भर्ती कराया गया। बुधवार को उसे छुट्टी दे दी गई। यूनियनों के मुताबिक भारीभरकम स्प्रिंग मजदूर के सिर पर गिरने से मौत हो सकती थी।

### छुपाने से बढ़ती हैं दुर्घटनाएं

सीटू ने बताया कि दुर्घटना को छिपाने से हादसे बढ़ते हैं। प्रबंधन के दुर्घटनाओं को अध्ययन से इन्हें रोका जा सकता है। लेकिन दुर्घटनाओं की रिपोर्ट सार्वजनिक किए जाने की मांग को नजरंदाज किया जाता रहा है। सार्वजनिक न करने से ज्यादा दुर्घटनाएं होने की आशंकाएं बढ़ जाती हैं। 10 अक्टूबर 2024 को एस एम एस -3 के बिलेट यार्ड में सुबह 10.30 बजे ई ओ टी मैग्नेट क्रेन नंबर 31से मिडिल बे में खड़ी क्रेन नंबर 28 से टकराने से 28 नंबर क्रेन काबफर स्टापर का फाउंडेशन टूटकर गिरने से ठेका श्रमिक बसंत कुमार कुर्रे की मौत हो गई थी।

# भाजपा 22 को मनाएगा बिहार तिहार कार्यक्रम



हरिभूमि न्यूज ▸▸ भिलाई

एक भारत श्रेष्ठ भारत के तहत जिला भिलाई एवं जिला दुर्ग भाजपा द्वारा बिहार का स्थापना दिवस के रूप में बिहार के तिहार कार्यक्रम का आयोजन आगामी 22 मार्च को चौहान एम्पीरियम बाईपास रोड नेहरू नगर भिलाई में प्रातः साढे दस बजे से किया जा रहा है। पत्रकारवार्ता में जिला भिलाई के भाजपा अध्यक्ष पुरूषोत्तम देवांगन और जिला दुर्ग भाजपा अध्यक्ष सुरेन्द्र कौशिक व नगर निगम के उप नेता प्रतिपक्ष दया सिंह ने संयुक्त रूप से दी। इस दौरान इन्होने बताया कि एक भारत श्रेष्ठ भारत भारतीय जनता पार्टी एवं देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की सोच है कि भारत को श्रेष्ठ करना है, इसी के लिए बिहार राज्य का स्थापना दिवस छत्तीसगढ में मनाया जा रहा है। जिसमें गोरखपुर, बलिया, यूपी बिहार व भोजपूरी सं संबंधित जो भाषा बोली जाती है, ऐसे कई समाजप्रमुखों का सम्मान इस कार्यकम में किया जायेगा। यह राष्ट्रीय स्तर का कार्यक्रम है। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि बिहार सरकार के मंत्री एवं छत्तीसगढ प्रदेश प्रभारी नितिन नवीन होंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रदेश के गृहमंत्री विजय शर्मा करेंगे । इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि के रूप में पूर्व सांसद सरोज पाण्डेय, विधायक ललित चन्द्राकर, एमएलए डोमनलाल कोर्सेवाड़ा, एमएलए रिकेश सेन, एमएलए गजेन्द्र यादव, पूर्व विधानसभा अध्यक्ष प्रेमप्रकाश पाण्डेय, भूपेन्द्र सवन्नी, संजय श्रीवास्तव, राजीव अग्रवाल, संदीप शर्मा, सरस्वती बंजारे जिला पंचायत अध्यक्ष, अल्का बाघमार दुर्ग महापौर उपस्थित रहेंगे। एक हमारा भारत है उसको श्रेष्ठ करना है। सभी लोगों का इसमें सहभागिता हो,यह कार्यक्रम राष्ट्रीय स्तर पर चल रहा है। बिहार के सभी जिलों व जो भोजपूरी बोलते है, ऐसे सभी लोगों को कार्यक्रम में आमंत्रित किया गया है और उनके लिए यह कार्यक्रम आयोजित किया गया है। अब बिहार प्रांत में चुनाव होने जा रहा है, 22 मार्च को बिहार का स्थापना दिवस है इसी परिपेक्ष्य में भाजपा के आदेशानुसार 22 मार्च को बिहार का तिहार मनाया जा रहा है। अपने देश व प्रदेशों में भी जहां बिहार के लोग है, उन सभी को एक भारत श्रेष्ठ भारत व विकास से जोडने का कार्य भारतीय जनता पार्टी करने जा रही है। दुर्ग भिलाई में भी बहुत अधिक संख्या में हमारे बिहार के लोग है,इसलिए भिलाई में जिला भाजपा भिलाई व दुर्ग द्वारा संयुक्त तत्वावधान में बिहार के तिहार कार्यक्रम मनाया जा रहा है। इस कार्यक्रम में भिलाई दुर्ग में बिहार के निवासरत लोगों सभी समाज प्रमुखों का सम्मान हम करने जा रहे है। दुर्ग भिलाई में निवासरत बिहार के कई समाज प्रमुखों को सम्मानित होंगे।

■ दुर्ग-भिलाई भाजपा जिला का संयुक्त आयोजन

# उन्नत सेल ग्रीन टाइल्स प्लांट का किया उद्घाटन



हरिभूमि न्यूज ▸▸ भिलाई

भिलाई इस्पात संयंत्र में उन्नत "सेल ग्रीन पेवर/टाइल्स प्लांट" का कार्यपालक निदेशक राकेश कुमार ने मंगलवार को उद्घाटन किया। उद्घाटन समारोह में विभिन्न विभागों के मुख्य महाप्रबंधक प्रभारी, मुख्य महाप्रबंधक तथा अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे। इस अवसर पर उन्नत पेवर/टाइल्स प्लांट की प्रचालन प्रणालियों से अवगत कराया। यह उन्नत पेवर/टाइल्स प्लांट, सतत विकास एवं संसाधन संरक्षण की दिशा में संयंत्र का एक महत्वपूर्ण कदम है। प्रतिदिन 2000 टाइल्स/पेवर ब्लॉक उत्पादन क्षमता वाले इस प्लांट में इस्पात निर्माण प्रक्रिया में उप उत्पाद (बायप्रोडक्ट) के रूप में उत्पन्न प्रोसेस्ड स्टील स्लैग का उपयोग प्रमुख कच्चे माल के रूप में किया जाता है। राकेश कुमार ने कहा कि इस प्रकार की पहल न केवल कार्यस्थल को स्वच्छ और सुंदर बनाने में सहायक है, बल्कि कर्मचारियों के समग्र स्वास्थ्य और प्रसन्नता में भी वृद्धि करती है। तापस दासगुप्ता ने पेवर/टाइल्स प्लांट की विशिष्टताओं प से प्रकाश डाला । चंद्रेश झा ने टीम के प्रयासों की सराहना करते हुए एल.डी. स्लैग टाइल्स का वाल क्लैडिंग में उपयोग कर उत्पाद की उपयोगिता पर बताया। कार्यक्रम का संचालन देवेंद्र चौधरी ने व धन्यवाद ज्ञापन महाप्रबंधक आलोक माथुर द्वारा दिया गया।

## इंसेंटिव फॉर्मूला संशोधन सीएलसी ने डीएलसी को दिए जाँच के निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▸▸ भिलाई

बीएकेस भिलाई द्वारा इंसेंटीव फॉर्मुला के बिंदुओं पर जांच की मांग की है। 20 वर्षो से नही किए गए संशोधन पर किए जा रहे पत्राचार का असर होना अब दिख रहा है ।बीएसपी प्रबंधन द्वारा इस्पात सचिव को पत्र लिखकर जवाब दिया गया था कि इंसेंटीव फॉर्मूला में संशोधन का अधिकार सेल कारपोरेट कार्यालय के पास है , वही सेल कारपोरेट कार्यालय ने मुख्य श्रमायुक्त को पत्र लिखकर जानकारी दी थी कि अंतर-संयंत्र समिति पहले से चल रही प्रोत्साहन योजनाओं की समीक्षा कर रही है । बीएकेएस के महासचिव अभिषेक ने बताया अभी तक सेल कारपोरेट कार्यालय द्वारा नये इंसेंटीव फॉर्मुले को लागु करने के लिए कोई भी कारवाई नही किया गया है । बीएकेएस भिलाई ने बिंदुओं पर जाँच की माँग की है । इंसेंटिव मुद्दे पर कमिटी का गठन कब किया गया, इंटर प्लांट कमेटी ने रिपोर्ट को सेल कॉरपोरेट कार्यालय को भेजा है या नही । साथ ही रिपोर्ट नही भेजा गया है तो उसका क्या कारण है क्या उक्त कमेटी में सिर्फ अधिकारी वर्ग ही है । इंटर प्लांट कमेटी ने तय समय पर रिपोर्ट जमा नही किया तो उसका क्या कारण था , तथा उस पर सेल कारपोरेट कार्यालय ने क्या एक्शन लिया ? यदि एक्शन नही लिया है तो इसका क्या कारण है। इंसेंटीव रिवार्ड संशोधन को कब ल लागु किया जायेगा और कर्मियों के आर्थिक घाटे की पूर्ती किस माध्यम से की जायेगी।

■ बीएकेएस ने डीएलसी को लिखा पत्र

# सिंटर संयंत्र-3 में सुरक्षा जागरुकता पखवाड़ा शुरू, ठेका मजदूर हुए पुरस्कृत

हरिभूमि न्यूज ▸▸ भिलाई

सिंटर संयंत्र-3 के सिंटर भवन में सुरक्षा जागरूकता पखवाड़ा का उद्घाटन मुख्य अतिथी कार्यपालक निदेशक राकेश कुमार ने किया । मुख्य महाप्रबंधक प्रभारी तापस दासगुप्ता, विशिष्ट अतिथि थे। प्रेरणा विकास केंद्र में मुख्य महाप्रबंधक अनूप कुमार दत्ता, द्वारा अतिथियों का पुष्पगुच्छ भेंट कर औपचारिक स्वागत किया गया। सजीव वर्गीज, जगेंद्र कुमार सहित कर्मचारी उपस्थित थे। सरिता देवांगन एवं श्री रमेश साहू द्वारा सुरक्षा गीत व राजेश देवांगन के निर्देशन में लघु नाट्य "वाह! क्या बात है" का मंचन किया गया। सुरक्षा, हाउसकीपिंग, तकनीकी अनुशासन, सख्त निरीक्षण, गुणवत्ता, सभी कर्मचारियों का कल्याण एवं धूल-मुक्त वातावरण जैसे सात मूल स्तंभों की महत्ता को रेखांकित किया । विशिष्ट कार्य निष्पादन के लिए चयनित विभिन्न ठेका श्रमिकों को मुख्य अतिथि द्वारा सर्वोत्तम, अनमोल एवं दक्ष पुरस्कारों से सम्मानित भी किया गया। कार्यक्रम के अंत में मुख्य अतिथि ने सेफ्टी टेक्निकल प्रदर्शनी का उद्घाटन किया।

■ सात मूल स्तंभों की महत्ता को किया रेखांकित



### हफ्तेभर होंगे विभिन्न कार्यक्रम

सिंटर संयंत्र-3 में सुरक्षा जागरूकता पखवाड़ा के दौरान सुरक्षा से संबंधित विविध प्रतियोगिताएं आयोजित की जा रही हैं, जिनमें सर्वश्रेष्ठ कन्वेयर गैलरी, सर्वश्रेष्ठ तकनीकी भवन, सर्वश्रेष्ठ सुरक्षा अभ्यास एवं संशोधन तथा सुरक्षा पोस्टर प्रमुख हैं। साथ ही इनमें आपदा प्रबंधन, गैस सुरक्षा, प्राथमिक उपचार, अग्निशमन कार्यशाला एवं प्रदर्शन सहित विभिन्न प्रशिक्षण कार्यक्रम भी सम्मिलित हैं। विभागीय सुरक्षा अधिकारी राजेश देवांगन ने कार्यक्रम का संचालन किया व धन्यवाद ज्ञापन मुख्य महाप्रबंधक अनूप कुमार दत्ता द्वारा किया गया।

राकेश कुमार ने कहा कि सुरक्षा प्रणाली को सरल भाषा में समझाया जाना आवश्यक है, ताकि यह संदेश प्रत्येक व्यक्ति तक सहजता से पहुंच सके। श्री राकेश कुमार ने समस्त उपस्थितजनों को 360 डिग्री सुरक्षा निरीक्षण करने तथा खतरों से जुड़े संभावित जोखिमों को पूर्णतः समाप्त करने का आह्वान किया।

## आक्रामक लक्ष्य के साथ स्थाई लागत में कमी का आह्वान

# इस्पात मंत्रालय के सचिव पौंड्रिक ने बीएसपी का किया दौरा

हरिभूमि न्यूज ▸▸ भिलाई

भारत सरकार के इस्पात मंत्रालय के सचिव संदीप पौंड्रिक ने गुरुवार को भिलाई इस्पात संयंत्र का दौरा किया। उनके साथ विभाग के संयुक्त सचिव अभिजीत नरेंद्र एवं सेल के अध्यक्ष अमरेंदु प्रकाश भी उपस्थित थे। बीएसपी के निदेशक प्रभारी अनिर्बान दासगुप्ता, कार्यपालक निदेशक राकेश कुमार तथा संयंत्र के वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा उनका सुरक्षा उत्कृष्टा केंद्र में स्वागत किया गया। सचिव को सीआईएसएफ जवानों द्वारा गार्ड ऑफ ऑनर से सम्मानित किया गया। बाद उन्हें संयंत्र भ्रमण के लिए आवश्यक सुरक्षा निर्देशों से अवगत कराया गया।

संदीप पौंड्रिक, श्री अभिजीत नरेंद्र तथा अमरेंदु प्रकाश ने ब्लास्ट फर्नेस-8, स्टील मेल्टिंग शॉप-3 तथा यूनिवर्सल रेल मिल में संचालित गतिविधियों का अवलोकन किया। इस दौरान श्री दासगुप्ता, कार्यपालक व राकेश कुमार सहित संयंत्र के वरिष्ठ अधिकारियों की उपस्थिति में अतिथियों ने बीएफ-8 में हॉट मेटल उत्पादन, एसएमएस-3 में कच्चे इस्पात का उत्पादन तथा यूआरएम में विश्व की सबसे लंबी 130 मीटर रेल के रोलिंग कार्य को देखा।





### उत्पादन पर दिया प्रस्तुतिकरण

इस्पात भवन' में आयोजित वरिष्ठ अधिकारियों की बैठक में शामिल हुए। इस दौरान आईएएस श्री संदीप पौंड्रिक, श्री अभिजीत नरेंद्र तथा अमरेंदु प्रकाश ने निदेशक प्रभारी (सेल-भिलाई इस्पात संयंत्र) श्री अनिर्बान दासगुप्ता, एमएससीटी के सीएमडी मनोबेंद्र घोषाल तथा बीएसपी के कार्यपालक निदेशकों से संवाद किया। उपस्थित कार्यपालक निदेशकों में एस मुखोपाध्याय एके चक्रवर्ती पवन कुमार (मानव संसाधन), प्रवीण निगम बीके गिरी, राकेश कुमार डॉ. रवींद्रनाथ एम. कार्यवाहक कार्यपालक निदेशक अरुण कुमार तथा सीजीएम प्रभारी, सीजीएम उपस्थित थे। उत्पादन प्रदर्शन, तकनीकी-आर्थिक मानकों, उत्पाद मिश्रण, वित्तीय प्रदर्शन तथा उत्पादन लागत पर एजीएम हिमांशु दवे, तथा सहायक प्रबंधक शालिनी चौरसिया द्वारा प्रस्तुति दी गई। सचिव ने वरिष्ठ प्रबंधन को आक्रामक लक्ष्य निर्धारित करने तथा स्थायी लागत में कमी लाने का आह्वान किया।

online Booking:-www.tripuryatra.com
स्लीपर मात्र 13,500/
स्पेशल ट्रेन से - 01 जुलाई से 10 जुलाई 2025 (10 दिन)
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
अमरनाथ यात्रा
बाबा अमरनाथ, माता वैष्णव देवी
11 यात्रियो की बुकिंग पर एक यात्री निःशुल्क
नोट :- बुकिंग आप जल्द करवाले क्योंकि रजिस्ट्रेशन व मेडिकल करवाना अनिवार्य रहता है।
राशि:-स्लीपर 13,500/-, 3 एसी 18,500/-, 2 एसी 22,500/-(+ 5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
संपर्क करें:-7354-411411

प्रशिक्षित ड्राइवर मंथली/डेली बेसिस पर उपलब्ध है
नोट - हमारे द्वारा प्रशिक्षित ड्राइवर ये सारे पॉइंट फॉलो करते है।
1. गाड़ी चलते समय पान मसाला / सिगरेट का सेवन नहीं करते है।
2. एक बार में फ़ोन उठाते है, कॉल मिस होने पर कॉल बैक करते है।
3. प्रतिदिन गाड़ी की साफ सफाई करते है।
4. गाड़ी हमेशा सुरक्षित स्पीड में चलाते है।
5. ड्यूटी के दौरान यूनीफॉम में रहते है।
अधिक जानकारी के लिए स्कैन करे।
संपर्क करें- 7837411411
Rahul Travels One Way Taxi Pvt Ltd
Beside Raipur Airport

हरिभूमि
रायपुर, शुक्रवार 21 मार्च 2025
लाइव
Email id- haribhoomibhilai@gmail.com
0788- 4091720, Message at 9755819129

04



लेस का जलवा

## लाइव इवेंट

### शारीरिक शिक्षा एजुकेशन सिस्टम का अनिवार्य अंग इससे ही स्टूडेंट्स का सर्वांगीण विकास संभव



**दुर्ग।** सेठ बद्रीलाल खण्डेलवाल शिक्षा महाविद्यालय गुरुवार को शिक्षा एवं शारीरिक शिक्षा के मध्य संबंध विषय पर अतिथि व्याख्यान का आयोजन किया गया। इसमें वार्ताकार के रूप में डॉ. दिनेश कुमार नामदेव संचालक शारीरिक शिक्षा विभाग हेमचंद यादव विश्वविद्यालय दुर्ग उपस्थित थे। उन्होंने कहा कि शारीरिक शिक्षा, शिक्षा का एक अनिवार्य अंग है, जिसके अभाव में छात्रों का सर्वांगिण विकास संभव नहीं है। क्योंकि स्वस्थ शरीर में स्वस्थ मस्तिष्क का निवास होता है और शारीरिक शिक्षा शरीर और मस्तिष्क दोनों को स्वस्थ बनाती है। कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. उमाकांती सिंह ने की। कार्यक्रम का संचालन अर्चना षडंगी क्रीडाधिकारी ने किया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय के समस्त प्राध्यापक तथा स्टॉफ एवं चतुर्थ सेमेस्टर के समस्त छात्राध्यापक उपस्थित थे। जिला शिक्षण समिति के अध्यक्ष प्रवीणचंद्र तिवारी ने कार्यक्रम के सफल आयोजन की सराहना की।



## सिटी इवेंट

### छात्रों ने लिया भारतीय ज्ञान परंपरा को आत्मसात करने का संकल्प






**दुर्ग।** खालसा कॉलेज दुर्ग में भारतीय ज्ञान परंपरा एवं संपदा विषय पर मूल्यवर्धित कोर्स का शुभारंभ किया गया। उद्घाटन सत्र में मुख्य वक्ता के रूप में डॉ. ज्योति धारकर सहायक प्राध्यापक गवर्नमेंट साइंस कॉलेज उपस्थित रहीं। वहीं प्रबुद्ध परिषद् संस्थान के वरिष्ठ सदस्यगण मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे, जो भारतीय संस्कृति और बौद्धिक विरासत को बढ़ावा देने हेतु कार्यरत हैं।

कार्यक्रम का शुभारंभ कॉलेज की प्राचार्य डॉ. सुनीता बोकाडे ने भारतीय ज्ञान परंपरा के प्रति युवाओं की रुचि और जागरूकता को आवश्यक बताया। डॉ. ज्योति धारकर ने विद्यार्थियों को गुरु शिष्य परंपरा एवं भारतीय ज्ञान परंपरा की अवधारणा पर विस्तृत जानकारी दी। इस 15 दिवसीय वैल्यू एडिशन कोर्स के अंतर्गत विद्यार्थियों को भारतीय चिंतकों, वैज्ञानिकों एवं गणितज्ञों के योगदान से अवगत कराया जाएगा। इसके साथ ही संस्कार भारती रंगोली और अन्य पारंपरिक कलाओं पर प्रायोगिक प्रशिक्षण भी दिया जाएगा। इस कोर्स का संचालन प्रभारी प्राध्यापक डॉ. मनीषा वर्मा कर रही हैं। इस अवसर पर प्रबुद्ध परिषद से प्रांत संयोजक अतुल नागले, प्रांत सदस्य डीवी गिरी, प्रान्त युवा आयाम प्रमुख डॉ. अनुज नारद उपस्थित रहे। महाविद्यालय के डायरेक्टर हरमीत सिंह भाटिया एवं गुरबीर सिंह भाटिया ने विद्यार्थियों के मूल्य वर्धित कोर्स को वर्तमान संदर्भ में उपयोगी बताया। कार्यक्रम में प्रिंसिपल डॉ. सुनीता बोकड़े की गरिमामयी उपस्थिति रही। कार्यक्रम का संचालन डॉ. मनीषा वर्मा ने किया।

### बाबा बालकनाथ का 61वां महायज्ञ आज से



**भिलाई।** सेक्टर-11 खुर्सीपार स्थित बाबा बालकनाथ मंदिर प्रांगण में प्रतिवर्ष की तरह इस वर्ष भी बाबा बालकनाथ का महायज्ञ 21 मार्च से शुरू हो रहा है। आयोजन का यह 61वां वर्ष है। 21 मार्च की सुबह 7 बजे मंदिर प्रांगण में झंडा फेरी का कार्यक्रम होगा। 22 मार्च को अन्य अनुष्ठान होंगे। 23 मार्च को 61वां महायज्ञ शुरू होगा। इस दौरान भंडारा का भी आयोजन किया जाएगा। सुबह साढ़े 11 बजे से चंडीगढ़ वाले विजय रतन शर्मा का भजन शुरू होगा। 24 मार्च की शाम 4 बजे पूर्णाहुति होगी। आयोजन में सांसद विजय बघेल, विधानसभा के पूर्व अध्यक्ष प्रेम प्रकाश पांडेय, वैशालीनगर विधायक रिकेश सेन, भिलाईनगर विधायक देवेंद्र यादव, महापौर नीरज पाल, उप नेता प्रतिपक्ष दया सिंह प्रमुख रूप से मौजूद रहेंगे। शिवाजी नगर जोन के अध्यक्ष भूपेंद्र यादव, पार्षद पीयूष मिश्रा, डी सुजाता राव, विनोद सिंह आयोजन में विशेष रूप से मौजूद रहेंगे।

धार्मिक अनुष्ठान की तैयारी : नवरात्र को लेकर दुर्ग-भिलाई के देवालयों में रंग-रोगन और साज-सज्जा शुरू, 6 को रामनवमीं

# हाथी पर होगा मां दुर्गा का आगमन, इस बार चैत्र नवरात्र 30 से, 8 दिनों तक होगी आराधना, सजने लगा मां का दरबार

चैत्र नवरात्र को लेकर तैयारी शुरू हो गई है। इस बार 30 मार्च से 6 अप्रैल तक यानी 8 दिनों तक देवालयों में मां के अलग-अलग रूपों के दर्शन होंगे। इसे लेकर मंदिरों में रंग-रोगन और विशेष साज-सज्जा शुरू हो गई है। 5 अप्रैल को अष्टमी पूजन के साथ अन्य अनुष्ठान और पूर्णाहुति होगी। साथ ही स्थापित ज्योत जंवारा का विसर्जन शुरू होगा। 6 अप्रैल को राम नवमी पर अलग-अलग धार्मिक संगठनों द्वारा शोभायात्रा निकाली जाएगी। दुर्ग और भिलाई के देवालयों में नवरात्र की तैयारियां शुरू हो चुकी है। इस बार द्वितीय व तृतीय तिथि एक दिन होने से इस बार 9 की जगह 8 ही दिन नवरात्र के होंगे।




**भिलाई।** ज्योतिषाचार्य और भगवताचार्य लाखेश्वर पांडेय ने बताया कि इस बार मां दुर्गा का आगमन और प्रस्थान हाथी पर होने से देश में सुख-समृद्धि एवं कृषि क्षेत्र में वृद्धि होगी। शक्ति और भक्ति के 9 दिवसीय पर्व चैत्र नवरात्र और विक्रम संवत सिद्धार्थी नाम संवत्सर-2082 की शुरुआत 30 मार्च से होगी। इस संवत्सर का राजा और मंत्री रवि (सूर्य) होंगे, जिसके फलस्वरूप गर्मी बहुत ज्यादा रहेगी और लोगों में क्रोध, उत्तेजना, कलह व नेत्र विकार बढ़ेंगे। जिस संवत्सर के राजा और मंत्री दोनों पद एक ही ग्रह को मिल जाए तो उस वर्ष में अच्छी बारिश, बेहतर पैदावार और कृषि में उन्नति के संकेत हैं। तृतीया तिथि का क्षय होने के कारण नवरात्र करीब सात साल बाद 9 के बजाय 8 दिन के होंगे। इस अवधि में देवी के 9 स्वरूपों की पूजा होगी। विशेष रूप से देखी मंदिरों में धार्मिक अनुष्ठान होंगे। खरीदारी के भी अलग-अलग संयोग रहेंगे। सर्वश्रेष्ठ मुहूर्त सुबह 6.24 से 7.07 बजे तक हैं। देवी पुराण के अनुसार घटस्थापना के लिए प्रातः काल का समय श्रेष्ठ हैं। घर, लाभ, अमृत का चौघड़िया और अभिजित मुहूर्त सुबह 7.56 से दोपहर 12.31 बजे तक हैं। दुर्गा का आगमन प्रस्थान हाथी पर होगा जो सुख-समृद्धि का प्रतीक हैं। रेवती नक्षत्र, ऐनद्र योग में कलश स्थापना होगी। इसी दिन भगवान ब्रह्मा ने सृष्टि की रचना की थी। इस मौके पर मीन राशि में पंचगृही योग का संयोग भी बनेगा। जो सुख रामृद्धि कारक होगा।

### मंदिरों में रंग रोगन शुरू, चंडी मंदिर में विशेष तैयारी

चैत्र नवरात्र को लेकर मंदिरों में तैयारी शुरू हो चुकी है। विशेष रूप से चंडी मंदिर दुर्ग में तैयारियां की जा रही है। इस मंदिर में सबसे ज्यादा ज्योति कलश की स्थापना की जाती है। इसके अलावा शीतला मंदिर बैगापारा, लंगूरवीर मंदिर, कंकालिन मंदिर, पंचमुखी हनुमान मंदिर, सत्ती चौरा मंदिर, संतोषी मंदिर में भी ज्योति कलश की स्थापना की जाती है। मातारानी के भक्त पूरी तरह से मां की भक्ति में डूब जाएंगे। मातारानी की नौ रूपों में पूजा के लिये शहर के सभी प्रमुख देवी मंदिरों में साफ-सफाई के बाद रंग-रोगन हो रहा है। श्रद्धालुओं को दर्शन व जलाभिषेक में कोई परेशानी न हो, इसके लिये मंदिर कमेटियों ने अपने स्वयंसेवकों को सक्रिय कर दिया है। इधर देवी मंदिरों में दर्शनार्थियों की सुरक्षा के भी विशेष प्रबंध किये गये हैं। यहां महिलाओं की सुरक्षा के लिये महिला पुलिस भी तैनात होगी। अराजक तत्वों पर सीसीटीवी कैमरों से भी नजर रखी जाएगी।

### महिला दर्शनार्थियों की सुरक्षा में तैनात होंगी महिला पुलिसकर्मी, कैमरों से रखी जाएगी नजर

चंडी मंदिर सहित अन्य प्रमुख मंदिरों जहां महिलाओं की भीड़ ज्याता होती है, उन मंदिरों में महिला पुलिस कर्मियों की तैनाती रहेगी। बता दें कि हिंदू चंद्र कैलेंडर के प्रथम माह को चैत्र के रूप में माना जाता है। इसलिए इस समय की नवरात्र को चैत्र नवरात्र कहा जाता है। मां के भक्त पूरे छह माह इन दिनों की बेसब्री से प्रतीक्षा करते हैं। ज्योतिष की मानें तो मां दुर्गा के इस मुहूर्त में आगमन से अच्छी बारिश और अच्छी फसल के संकेत मिलते हैं। माता आगमन का मतलब सर्वसिद्धिदायक होता है। मां दुर्गा को भक्तों की समस्त इच्छाएं पूर्ण करने वाला बताया गया है।

### भिलाई में भी देवालयों में तैयारी शुरू सांस्कृतिक कार्यक्रम भी होंगे

भिलाई में प्रमुख रूप से बैकुंठधाम मंदिर, राज-राजेश्वर मंदिर पावर हाउस, हनुमान मंदिर सेक्टर-9, अय्यपा मंदिर, बालाजी मंदिर सेक्टर-4, राधा-कृष्ण मंदिर सेक्टर-6 सहित अन्य मंदिरों में भी नवरात्र को लेकर तैयारी शुरू हो गई है। इसी प्रकार ग्रामीण क्षेत्र में ओटबंद, बानबरद, कोकड़ी, कौही, देवबलोदा के प्राचीन मंदिरों में भी आयोजन को लेकर तैयारी की गई है। भिलाई-तीन में खेत में विराजी माता प्रतिमा स्थल पर भी विशेष पूजा-अर्चना की तैयारी की गई है।



## अग्रवाल समाज के होली मिलन समारोह में फूलों की होली, मेयर-सभापति हुए शामिल

**दुर्ग।** अग्रवाल समाज का होली मिलन समारोह अग्रसेन भवन में आयोजित किया गया। आयोजन में दुर्ग महापौर अल्का बाघमार, सभापति श्याम शर्मा प्रमुख रूप से शामिल हुए। इस अवसर पर श्याम भजनों पर समाज की महिलाएं थिरकते नजर आईं। आयोजन को लेकर अग्रवाल समाज के संरक्षक सुधीर अग्रवाल, अध्यक्ष गौरीशंकर अग्रवाल एवं महासचिव ललित सक्सेरिया ने बताया कि आपसी सौहाद्र एवं स्नेह का होली पर्व अग्रवाल समाज द्वारा बहुत ही धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम में अलका बाघमार व श्याम शर्मा ने समाज के सदस्यों को बधाई देते हुए कहा कि रंगों का यह त्यौहार आपसी मतभेद भूलाकर फिर से एक होकर जीवन में खुशियां लाने का पर्व है। महिला मंडल की अध्यक्ष सरिता गोयल, कार्यकारी अध्यक्ष अनीता अग्रवाल, यूथ क्लब के अध्यक्ष आकाश गोयल व युवा मंडल के अध्यक्ष हिमांशु अग्रवाल ने बताया कि कार्यक्रम का शुभारंभ समाज के वरिष्ठ श्री कमल नारायण रुंगटा, संरक्षक संजय रूंगटा द्वारा महाराज अग्रसेन की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलन व आरती के साथ किया गया। समाज के उपाध्यक्ष बृजमोहन गोयल एवं कोषाध्यक्ष पंकज किरतुका ने बताया की अग्रवाल समाज द्वारा प्रतिवर्ष होली मिलन समारोह आयोजित किया जाता है और इस कार्यक्रम में रंगों की बजाय फूलों का इस्तेमाल कर धूमधाम से यह पर्व मनाया जाता है।



## सॉफ्टबॉल टी-10 क्रिकेट प्रतियोगिता में एक दिन में 6 मैच, सेक्टर-1 ग्राउंड में खेले जा रहे मैच

**भिलाई।** बीएसपी जोन वाइस प्रो सॉफ्टबॉल टी-10 प्रतियोगिता के अंतर्गत मैच सेक्टर-1 ग्राउंड में खेले जा रहे हैं। गुरुवार को प्रतियोगिता के अंतर्गत 6 मैच खेले गए। पहला मैच मिल जोन डीसी और मिल जोन आर के बीच खेला गया। मैच मिल जोन डीसी ने 7 विकेट से ने जीता। मैन ऑफ़ द मैच परम रहे। दूसरा मैच मिल जॉन वी और सर्विसेज आर के बीच हुआ। इस मैच को मिल जोन वी ने नौ विकेट से जीता। मैन ऑफ द मैच सुनील रहे। तीसरा मैच सर्विसेज एम और ऑग्ज़ीलियरी के मध्य खेला गया। सर्विसेज एम ने 10 विकेट से मैच जीता। मैन ऑफ़ द मैच मानस रहे। चौथा मैच मेडिकल और स्टील जॉन बी के बीच खेला गया। स्टील जोन बी ने 5 विकेट से मैच जीता। विजय मैन ऑफ़ द मैच रहे। सर्विसेज आर और राइट्स के बीच खेले गए मैच में राइट्स 22 रनों से विजयी रही। मैन ऑफ़ द मैच अंकित सिंह रहे। छठा मैच मील जॉन वी और आयरन जोन ए के मध्य हुआ। आयरन जोन ए 18 रन से विजयी रही।



डेयरी आजीविका और स्वास्थ्य को बदलने के लिए एक सटीक दृष्टिकोण विषय पर 10 अप्रैल को व्याख्यान

## दुनिया में दुग्ध उत्पादन में भारत की हिस्सेदारी 24.41 प्रतिशत हर साल 5 प्रतिशत तक बढ़ रही, रोजगार की अपार संभावनाएं

कार्नर न्यूज

**भिलाई।** छत्तीसगढ़ शासन की वर्तमान नीतियों एवं पहलों से छत्तीसगढ़ का डेयरी क्षेत्र एक महत्वपूर्ण मोड़ पर है। इसी कड़ी में दाऊ वासुदेव चंद्राकर कामधेनु विश्वविद्यालय के अंतर्गत दुग्ध विज्ञान एवं खाद्य प्रौद्योगिकी महाविद्यालय रायपुर और भारतीय डेयरी संघ पश्चिम क्षेत्र संयुक्त रूप से डेयरी आजीविका और स्वास्थ्य को बदलने के लिए एक सतत दृष्टिकोण विषय पर राष्ट्रीय सम्मेलन का आयोजन 10-11 अप्रैल को डॉ. सी. राजेश्वरी ऑडिटोरियम सत्य साई सौभाग्यम अटल नगर नवा रायपुर में आयोजित है। बता दें कि दुग्ध उत्पादन के मामले में आज भारत पूरी दुनिया में अपना लोहा मनवा रहा है। उसकी भागीदारी 24.41 प्रतिशत है, जो हर साल 5 प्रतिशत तक बढ़ रही है। इससे क्षेत्र में रोजगार की अपार संभावनाएं विकसित हो रही हैं। इसे देखते हुए आयोजन होने वाले इस सम्मेलन को अहम माना जा रहा है। यह सम्मेलन ज्ञान आदान-प्रदान को बढ़ावा देने, नवाचारों को उजागर करने और शिक्षा जगत, उद्योग, किसानों और नीति निर्माताओं के बीच सहयोग को सुगम बनाने के लिए आयोजित किया जा रहा है। इसे लेकर गुरुवार को प्रचार पत्रिका का विमोचन अंजोरा स्थित कामधेनु यूनिवर्सिटी कैम्पस में किया गया।



### राष्ट्रीय सेमिनार में प्रोडक्शन से जुड़े हर विषय पर चर्चा

अधिकारियों ने बताया कि सेमीनार में चर्चा के विषयों में दुग्ध उत्पादन बढ़ाना, चारा और चारे के संसाधनों का अनुकूलन, स्मार्ट डेयरी खेती, उन्नत उत्पादन तकनीकें, एआई और डिजिटलीकरण, विपणन रणनीतियाँ, सुरक्षा और गुणवत्ता मानक, और उद्योग के कार्बन फुटप्रिंट को कम करने के लिए सतत दृष्टिकोण शामिल होंगे। भारतीय डेयरी संघ द्वारा दुग्ध उत्पादक किसानों और डेयरी संयंत्रों में विशेष उपलब्धियों को मान्यता देने के लिए विशेष पुरस्कार प्रदान किए जाएंगे। छात्रों एवं डेयरी संयंत्र अधिकारियों के लिए एक खुली प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। इस सम्मेलन में राष्ट्रीय स्तर के डेयरी विशेषज्ञों व राष्ट्रीय डेयरी विकास बोर्ड, आनंद के अधिकारीयों की भाग लेने की सम्भावना है। इस कार्यक्रम में पंजीयन व प्रतिभागिता के सम्बन्ध में विस्तृत जानकारी **www.cgkvmis.cg.nic.in** व **https://indiandairyassociation.org** पर उपलब्ध है। ज्ञातव्य हो की भारत, 1998 से वैश्विक दुग्ध उत्पादन में अग्रणी है और विश्व के कुल दुग्ध उत्पादन का 24.41% योगदान देता है, जिसकी वार्षिक वृद्धि दर 5% है, फिर भी संगठित क्षेत्र द्वारा केवल 25-30% दूध का संसाधन किया जाता है, जो उद्योग के लिए विशाल संभावनाएँ प्रदान करता है। डेयरी क्षेत्र मुख्य रूप से 2-5 पशु पालने वाले लघु किसानों पर आधारित है, जो 8 करोड़ से अधिक ग्रामीण परिवारों के लिए आजीविका का प्रमुख स्रोत है और रोजगार, महिला सशक्तिकरण और ग्रामीण विकास में महत्वपूर्ण योगदान देता है। लगभग 10 लाख करोड़ के मूल्य के साथ, दूध भारत की सबसे महत्वपूर्ण कृषि वस्तु बना हुआ है।

### प्रचार पत्रिका का विमोचन, कुलपति ने रखे विचार

यूनिवर्सिटी कैम्पस में आयोजित प्रचार पुस्तिका विमोचन के कार्यक्रम में कुलपति डॉ. आरआरबी सिंह प्रमुख रूप से शामिल हुए। इस अवसर पर डॉ. संजय शाक्य अधिष्ठाता पशु चिकित्सा महाविद्यालय, डॉ. एमके गेंदले, अधिष्ठाता मात्स्यिकी महाविद्यालय कवर्धा, डॉ. केशब दास अधिष्ठाता छात्र कल्याण एवं अन्य अधिकारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम समन्वयक एवं अधिष्ठाता, डॉ. सुधीर उपरित द्वारा बताया गया की इस सम्मलेन में प्रमुख वक्ता के रूप में आरएस सोढ़ी, अध्यक्ष इंडियन डेयरी एसोसिएशन, मिनेश शाह, अध्यक्ष राष्ट्रीय डेयरी विकास बोर्ड, आनंद आमंत्रित है।

### सम्मेलन में तकनीकी सत्र का भी आयोजन

सम्मलेन में किसानों के लिए संगोष्ठी एवं तकनीकी सत्र भी रखा गया है, जिसमें पशु पालन एवं दुग्ध प्रसंस्करण से जुड़े राष्ट्रीय स्तर के वक्तायों को आमंत्रित किया गया है। सम्मलेन के दौरान छात्र-छात्रायों के लिए प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता भी रखी गई है। जिसके विजेताओं को आकर्षक पुरस्कार दिया जायेगा। यह जानकारी विश्वविद्यालय जनसंपर्क अधिकारी डॉ. दिलीप चौधरी ने दी। उन्होंने बताया कि सम्मलेन को लेकर व्यापक स्तर पर तैयारियां की जा रही है। देश के अलग-अलग हिस्सों के एक्सपर्ट्स भी इस राष्ट्रीय सम्मेलन में शामिल होंगे।

## सिटी इवेंट

# शालात्यागी बच्चों को स्टेशनरी किट एवं कॉपी का किया वितरण



**भिलाई।** दुर्ग जिले के शासकीय प्राथमिक व माध्यमिक शाला कातरो में कदम कार्यक्रम के तहत विद्यालय नहीं आने वाले छात्रों के संदर्भ में संस्था हुमाना टू पीपल इंडिया द्वारा शालात्यागी बच्चों को स्टेशनरी दी गई। शिक्षा के मुख्य धारा से जोड़ने के लिए समग्र शिक्षा दुर्ग के मार्गदर्शन में संस्था द्वारा स्टेशनरी किट एवं कॉपी का वितरण किया गया। जिसका मुख्य उद्देश्य बच्चों को शिक्षा की मुख्य धारा से जोड़ना एवं ज्ञानात्मक अंतर को दूर करना तथा छात्रों के सीखने के परिणाम में वृद्धि करना थे। संस्था के सदस्यों ने बताया कि स्कूल शिक्षा की सभी स्तरों पर समानता और समावेश सुनिश्चित करना हमारा दायित्व है। संस्था से अर्नब गांगुली एवं राकेश सोनवानी विशेष रूप से उपस्थित रहे। इस कार्यक्रम मे विद्यालय प्रगति इंगले, रमेश कुमार नेताम सहित सभी शिक्षक उपस्थित रहे। विद्यालय के प्रधान पाठक संस्था हुमाना पीपुल टू पीपुल इंडिया द्वारा चलाए जा रहे सेवा कार्यो व अन्य कार्यक्रमों के लिए आभार व्यक्त किया।

## धर्म लाइव

# उत्साह, उमंग और मुस्कान जीवन को बनाते हैं रंगीनः अजय

**भिलाई।** अध्यात्म पथ पत्रिका के तद्धावधान में होली मिलन का कार्यक्रम आयोजित किया गया। वैदिक विद्वान अंतरराष्ट्रीय वेद कथा का आचार्य चंद्रशेखर शास्त्री द्वारा लगातार 582 वेबीनार का आयोजन किया गया। आचार्य चंद्रशेखर शास्त्री ने बताया कि कोरोना के समय में जब लोगों को सकारात्मक विचारों और एक दूसरे के साथ सुख-दुख बांटने की जरूरत थी तब हमने वैदिक सत्संग को ऑनलाइन पोर्टल पर लाने का प्रयत्न किया। इसका लाभ हुआ कि लोग सत्संग से जुड़े भजन गाने लगे। डिप्रेशन में जाने से लोग बच गए। कार्यक्रम के पूर्व चरण में मातृशक्ति द्वारा ईश्वर भक्ति के भजन प्रस्तुत किए गए। कार्यक्रम के अंत में वैदिक आचार्याओं ने शांति पाठ का वाचन किया। कार्यक्रम का संचालन करते हुए बिंदु मदान ने कहा कि सत्संग का रंग धीरे-धीरे चढ़ता है और एक बार चढ़कर फिर नहीं उतरता। मन की मलीनताओं को आचार्यों के प्रवचन से दूर किया जा सकता है। आचार्य डॉ. अजय आर्य ने कहा-एक क्षण की हंसी आपकी फोटो को सुंदर कर देती है। इसी तरह से मुस्कुराने से खुश रहने से व्यक्ति सुंदर हो जाता है। चिड़चिड़ा लोग कितने ही सुंदर हो वह सुंदर नहीं दिखते हैं।



### ईश्वर भक्ति के लिए समय अवश्य निकले

6 गुणों को हमेशा धारण करना चाहिए। जिसमें क्षमा, दूसरों को माफ करना। सत्य, हमेशा सच बोलना। दया, दूसरों के प्रति दयालु होना। प्रेम, दूसरों से प्यार करना। ज्ञान, ज्ञान प्राप्त करना और उसका उपयोग करना। विनम्रता, विनम्र रहना। अजय आर्य ने कहा कि शरीर को धर्म का पहला साधन कहा गया है। शरीर को स्वस्थ रखने के लिए आसन व प्राणायाम अवश्य करना चाहिए। अपने चेहरे पर हमेशा मुस्कान को बनाए रखें। आलोचना में रस लेना छोड़ दें। ईश्वर भक्ति के लिए समय अवश्य निकले। अत्यधिक चिंता ना करें। 60 वर्ष के पश्चात कम साधनों के साथ, कम बोलते हुए जीने का अभ्यास करना चाहिए। कभी भी साधनों की दृष्टि से अपने ऊपर वाले को ना देखें। अपने नीचे वालों को देखें। जो जिंदगी हमें मिली है जो साधन हमें मिले हैं वह आज भी करोड़ों लोगों के लिए सपना है। बस जो मिला है उसके लिए ईश्वर का धन्यवाद करें। इन सात सूत्रों को अपनाकर व्यक्ति जीवन को सतरंगी बन सकता है।

## हेल्थ इवेंट

# बदलते मौसम में सामान्य बुखार को न करें नजर अंदाज,लें सलाह



**भिलाई।** छोटी-छोटी बीमारियों को हल्के में लेना कभी-कभी घातक साबित हो सकता है। ऐसा ही एक चौंकाने वाला मामला सामने आया है, जहां एक 28 वर्षीय युवक की मामूली बुखार को नजरअंदाज करने की कीमत उसे अपनी किडनी की गंभीर बीमारी के रूप में चुकानी पड़ी। खैरागढ़ के रहने वाले 28 वर्षीय युवक को कुछ दिनों पहले बुखार एवं शरीर में दर्द की शिकायत हुई थी। उन्होंने इसे सामान्य वायरल समझकर किसी अन्य अस्पताल में इलाज कराया। लेकिन कुछ दिनों बाद उनकी तबीयत अचानक बिगड़ गई। जब युवक आरोग्यम अस्पताल पहुंचे तो वरिष्ठ किडनी रोग विशेषज्ञ डॉ साहू ने जांच में पाया कि वायरल निमोनिया की वजह से उनकी किडनी पर गंभीर असर पड़ा है और उनकी दोनों किडनियों ने सही से काम करना बंद कर दिया है इसके साथ ही युवक के फेफड़ों पर भी गहरा असर पड़ा था। आरोग्यम के वरिष्ठ नेफ्रोलॉजिस्ट डॉ. साहू के अनुसार, बुखार को हल्के में लेना और बिना डॉक्टर की सलाह के एंटीबायोटिक्स या दर्द निवारक दवाएं लेना बेहद खतरनाक हो सकता है। कई बार लोग बिना सोचे-समझे ऐसी दवाएं ले लेते हैं, जो उनके गुर्दों पर नकारात्मक प्रभाव डाल सकती हैं। विशेषज्ञों का कहना है कि लोग अक्सर डॉक्टर के पास जाने से बचते हैं और खुद ही इलाज करने लगते हैं। यह आदत गंभीर स्वास्थ्य समस्याओं को जन्म दे सकती है। इसके अलावा, फास्ट फूड, कम पानी पीना और अधिक दवाओं का सेवन भी किडनी की बीमारियों को बढ़ावा देता है।

● लोधी क्षत्रिय समाज भिलाई एवं दुर्ग द्वारा चौक-चौराहों पर किया गया माल्यार्पण

# रथ पर सवार वीरांगना की वेशभूषा में अवंती बाई के बलिदान की प्रस्तुत की शौर्य गाथा, निकली शोभायात्रा

भिलाई। भिलाई लोधी क्षत्रिय समाज भिलाई-दुर्ग द्वारा इस वर्ष भी सन 1857 के प्रथम स्वतंत्रता संग्राम सेनानी अमर शहीद वीरांगना रानी अवंती बाई लोधी के बलिदान दिवस के अवसर पर आज भिलाई एवं दुर्ग में विशाल वाहन रैली का आयोजन किया गया। इस दौरान भवन में स्थापित वीरांगना रानी अवंती बाई लोधी के प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं पूजा अर्चना पश्चात अवंती बाई चौक में स्थापित प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं पूजा अर्चना किया गया।

### विभिन्न चौक-चौराहों से निकली शोभायात्रा

रथ में सवार वीरांगना रानी अवंती बाई लोधी के वेशभूषा में समाज की बालिकाएं, डीजे के माध्यम से वीरांगना रानी अवंती बाई लोधी के बलिदान के शौर्य गाथा की संगीत के साथ वाहन में झंडा लहराते हुए निकली। कतार बद्ध वीरांगना रानी अवंती बाई लोधी चौक कोहका, आर्य नगर दुर्गा मंदिर, फवारा चौक, बजरंग पारा, शिक्षक नगर, जूनवानी रोड, सुंदर नगर, सद्भावना चौक, जय हिंद चौक रामनगर, कॉन्टैक्टर कॉलोनी, जीई रोड होते हुए कैंप एक में इकाई द्वारा स्वागत समारोह, जीई रोड पावर हाउस, वापसी ओवर ब्रिज, सेक्टर क्षेत्र के सेंट्रल एवेन्यू, सेक्टर 9 चौक, जेल तिराहा दुर्ग स्थित वीरांगना रानी अवंती बाई लोधी की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं पूजा अर्चना कर गांधी प्रतिमा हिंदी भवन चौक, जीई रोड से सुपेला थाना के पीछे राधिका नगर में स्थापित प्रतिमा पर माल्यार्पण व पूजा अर्चना कर कार्यक्रम का समापन किया गया। यात्रा के दौरान जगह-जगह समाजिक जनों द्वारा स्वागत कर जलपान कराया गया।





### समाज को एकजुट होने दिया जोर

समापन समारोह में अध्यक्ष उत्तम चंदेल, उपाध्यक्ष विशाल राम वर्मा, महासचिव राजेश जंघेल, कोषाध्यक्ष रामावतार चंदेल, अंकेक्षक मनीराम वर्मा, कार्यकारिणी सदस्य अलख राम लोधी, रमेश कुमार वर्मा, सुरेश कुमार जंघेल, भगवती वर्मा, संरक्षक रोहित जंघेल, उत्तम वर्मा, महेश वर्मा, लालचंद वर्मा, सावित्री दमाहे पार्षद दुर्ग, राजेंद्र बंजारे पार्षद, रमेश पटेल पूर्व महामंत्री छत्तीसगढ़ लोधी समाज की उपस्थिति में पार्षद राजेंद्र बंजारे द्वारा समाज को 10 कुर्सी एवं एक बड़ी दरी देने की घोषणा भी की गई। एमआईसी मेंबर लालचंद वर्मा और भाजपा जिलाध्यक्ष महेश वर्मा द्वारा समाज को एकजुट होने के लिए सामाजिक जनों से आह्वान किया गया। उत्तम चंदेल द्वारा इस वाहन रैली में बड़ी संख्या में सम्मिलित होने के लिए सभी का आभार व्यक्त किया।

### समाजिक जन रहे मौजूद

इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से इकाई अध्यक्ष रितु कुमार महीकवार, कल्याण सिंह राजपूत, इंद्रजीत सिंह वर्मा, विजय जंघेल, सुमन वर्मा, द्वारिका जंघेल, फतेहलाल जंघेल, मलखान सिंह लोधी, अशोक वर्मा, दीपक वर्मा, पुष्पा जंघेल, समस्त 20 इकाई के पदाधिकारी, महिलाएं सहित युवा बड़ी संख्या में इस रैली में शामिल होकर समाज का प्रतिनिधित्व किया।



## रंग लाई मेहनत...

# मास्टर ब्लास्टर से मिलकर अभिषेक ने भेंट किया सचिन को समर्पित खास एलबम

**भिलाई।** मास्टर ब्लास्टर भारत रत्न सचिन तेंदुलकर के फैन और लेखक अभिषेक अग्रवाल की 8 साल की मेहनत रंग लाई है। राजधानी रायपुर के शहीद वीरनारायण सिंह अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम में सचिन तेंदुलकर न सिर्फ अभिषेक से मिले बल्कि उनसे आत्मीय चर्चा भी की और अभिषेक के दिए उपहार को खुशी-खुशी स्वीकार भी किया। सचिन ने अभिषेक की कोशिशों की सराहना करते हुए अपने शुभकामना संदेश में लिखा।




सचिन से यादगार मुलाकात के बाद अभिषेक का कहना है कि उनके लिए यह एक सपने के सच होने की तरह है और इस पल को वह कभी नहीं भूल पाएंगे। आम्रपाली वनांचल सिटी निवासी अभिषेक अग्रवाल पेशे से अंग्रेजी के लेखक हैं और उनकी लिखीं किताबें बेस्ट सेलर का दर्जा रखती हैं। अभिषेक की सचिन तेंदुलकर के प्रति दीवानगी बचपन से ही थी लेकिन उनसे मिलने का प्रयास 8 वर्ष पहले शुरू किया। पत्रकार वार्ता के दौरान अभिषेक ने बताया कि 2016 में टीवी पर क्रिकेट मैच देखते हुए अपने हीरो सचिन से कुछ अनूठे तरीके से मिलना चाहिए। जिसके लिए उन्होंने सचिन को समर्पित एक खास एलबम उनके जन्म से लेकर क्रिकेट के करियर तक के तमाम घटनाक्रम को पिरोते हुए उन्होंने आकर्षक ढंग से एलबम तैयार किया। इसके लिए अभिषेक ने सचिन की 100 सेंचुरी को आधार बनाया और जिन तिथियां में सचिन ने सेंचुरी बनाई उन तिथियां से जुड़े नंबर के आधार पर करेंसी नोट इकट्ठा किए। इसके पीछे वजह यह थी कि सचिन की जर्सी नंबर 10 है और सचिन का लकी नंबर 10 है। इसलिए अभिषेक ने 10 रुपए के नए नोट इकट्ठा करना शुरू किया और इस तरह 100 नोट इकट्ठे कर उन्हें एलबम का हिस्सा बनाया। सचिन ऐसे इकलौते खिलाड़ी हैं, जिनके सम्मान में बीसीसीआई ने जर्सी नंबर 10 को ही संरक्षित घोषित कर दिया है और अब आगे कभी भी किसी भी खिलाड़ी को जर्सी नंबर 10 नहीं दी जाएगी। इसके अलावा अभिषेक ने अपने इस एलबम में सचिन के जीवन से जुड़े कई दुर्लभ तथ्य भी शामिल किए हैं। सचिन से मुलाकात के दौरान अभिषेक ने एलबम भेंट करते हुए यह सब कुछ उन्हें दिखाया।

सचिन ने अभिषेक के कार्य की सराहना करते हुए पूरा एलबम तसल्ली से देखा। अभिषेक अब तक 400 से ज्यादा पत्र नियमित तौर पर डाक से भेज चुके हैं। इन 8 वर्षों में दो बार उन्हें जवाब मिला। यह उनके जीवन का सबसे अविस्मरणीय क्षण था। पत्रकार वार्ता के दौरान अभिषेक के पिता अशोक अग्रवाल, दिनेश लोहिया, अजय अग्रवाल, विनय अग्रवाल उपस्थित रहे।

## आईडीए ने वृद्धाश्रम में लगाया शिविर

# दांतों की जांच कर वितरित किये माउथवॉश और टूथब्रश



**भिलाई।** इंडियन डेंटल एसोसिएशन दुर्ग-भिलाई ब्रांच द्वारा गुरुवार को विश्व मुख स्वास्थ्य दिवस के अवसर पर पुलगांव चौक दुर्ग स्थित शासकीय वृद्धाश्रम में दंत चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में समस्त वृद्ध जनों का दंत परीक्षण कर दांतों एवं मुख स्वास्थ्य संबंधी जानकारी दी गई। सभी को ब्रशिंग पद्धति समझाई गई तथा सभी वृद्ध जनों को माउथवॉश, टूथपेस्ट और टूथब्रश उपहार के रूप में दिए गए। आई डी ए की ओर से डॉक्टर्स की टीम में डॉ. फातिमा खान, डॉ. शाहीन हमदानी, डॉ नावेद खान, डॉ. मंजू यादव, डॉ. दीप्ति राठौर, डॉ. स्मिता श्रीवास्तव ,डॉ. साइली कुरैशी, डॉ. सविता कबड़वाल, डॉ श्रेणिक नाहटा, डॉ. मीनल साटकर, डॉ गौरव अग्रवाल सहित पूरी टीम उपस्थित रही। इस दौरान सभी डाक्टर्स ने वृद्धाश्रम के बुजुर्गो से मिलकर कुछ समय साथ बिताया।



## प्रकृति के नन्हे दूतों को सम्मान 2025 की थीम

# विश्व गौरैया दिवस पर पक्षियों की घटती संख्या के प्रति किया जागरूक, बांटे सकोरे

कार्नर न्यूज



**भिलाई।** गुरुवार को विश्व गौरेया दिवस मनाया गया। इस दिन को मनाने का उद्धेश्य गौरैया और अन्य सामान्य पक्षियों की घटती संख्या के प्रति जागरूकता बढ़ावा और उनके संरक्षण के लिए प्रयास करना है। 20 मार्च को विश्व गौरेया दिवस पर पर्यावरण प्रकृति प्रेमी प्रशांत कुमार क्षीरसागर ने अपने परिवार व मित्रों के साथ मिलकर गौरेया के संरक्षण के प्रति लोगो को जागरुक किया।



### पर्यावरण के लिए महत्वपूर्ण है गौरेया

2025 में विश्व गौरैया दिवस की थीम है 'प्रकृति के नन्हे दूतों को सम्मान'यह थीम पारिस्थितिक संतुलन बनाए रखने में गौरैया की महत्वपूर्ण भूमिका को उजागर करता है और संरक्षण प्रयासों को प्रोत्साहित करता है। गौरैया पारिस्थितिक संतुलन बनाए रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। विश्व गौरैया दिवस हमें इन नन्हें पक्षियों के संरक्षण के प्रति जागरूक करता है, जो हमारे पर्यावरण और जीवन के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण हैं।

### अभियान का बने हिस्सा

गौरेया संरक्षण के इस अभियान पर पर्यावरण पंछी प्रेमी प्रशांत कुमार शिरसागर, ओम क्षीरसागर, पियुष क्षीरसागर, सिद्धांत क्षीरसागर, राहुल बीसाइ, आदित्य नारायण शर्मा, मृणाल दत्ता, योगेश ने बढ़कर हिस्सा लिया।

### गौरैया दिवस का महत्व

प्रशांत ने लोगो को जागरुक करते हुए कहा कि शहरीकरण, प्रदूषण, आवास की कमी, कीटनाशकों का अत्यधिक उपयोग और भोजन की कमी के कारण गौरैया की संख्या में तेजी से गिरावट आई है। गौरैया पारिस्थितिकी तंत्र में कीट नियंत्रण, परागण और बीज प्रसार में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। इसलिए, उनके संरक्षण से जैव विविधता और पर्यावरण संतुलन बनाए रखने में मदद मिलती है। प्रशांत ने अपने विचार साझा करते हुए बताया कि गौरेया को संरक्षित करने जगह-जगह घोसला और फिडर लगाये। घरों में लकड़ी और छोटे घोसले और पानी के पात्र रहते है। इसके लिए अधिक से अधिक वृक्षों का संरक्षण और पौधरोपण कर उसे संरक्षित करे। इस दिशा में जन जागृती अभियान चलाकर लोगो को गोरिया के प्रति और उनके संरक्षण के बारे में बताना हम सबकी जिम्मेंदारी है।

## सिटी स्पोर्ट्स

### सीनियर क्रिकेट में ब्लू, सरगुजा और बिलासपुर की जीत, भिलाई को बढ़त

रायपुर। छत्तीसगढ़ स्टेट क्रिकेट संघ (सीएससीएस) की ओर से सीनियर एलिट ग्रुप इंटर डिस्ट्रिक्ट मल्टी डे टुर्नामेंट 2024-25 का आयोजन 09 मार्च से जारी है। जिसमें छत्तीसगढ़ की विभिन्न 10 टीमें भाग ले रही है। 17 से 20 मार्च श्रृंखला में गुरुवार को चार मैच खेले गये।


सुधांशु तिवारी 105 रन नॉटआउट

### बिलासपुर ब्लू की बीएसपी पर 116 रनों से जीत

ग्रुप ए का तीसरा चार दिवसीय मैच बिलासपुर ब्लु एवं बीएसपी के मध्य राजनांदगांव में खेला गया। बिलासपुर ब्लू ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुये अपनी पहली पारी में 112.3 ओवरों में 10 विकेट के नुकसान पर 263 रन बनाये। बिलासपुर ब्लू की ओर से दीपक सिंह बघेल ने 72 रन तथा श्रेयम सुंदरम ने 54 रन बनाये। वहीं बी.एस.पी. की ओर से जिवेष कुमार भुटे ने 4 विकेट तथा कार्तिक नायडु ने 3 विकेट प्राप्त किये। बीएसपी ने अपनी पहली पारी में 54.3 ओवरों में 10 विकेट के नुकसान पर 170 रन बनाये हैं। बीएसपी की ओर देव आदित्य सिंह ने सर्वाधिक 78 रन तथा जिवेष भुटे ने 25 रन बनाये। बिलासपुर ब्लू की ओर से श्रेयस सुंदरम ने 3 विकेट प्राप्त किये। बिलासपुर ब्लू ने अपनी दूसरी पारी में 82.5 ओवरों में 9 विकेट खोकर 326 रन बनाये। बिलासपुर ब्लू की ओर से दीपक सिंह बघेल ने 73 रन तथा सन्नी पांडे ने नाबाद 66 रन बनाये। बी.एस.पी. की ओर से देव आदित्य सिंह ने 6 विकेट प्राप्त किये। 420 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी बीएसपी 67.2 ओवरों में 10 विकेट के नुकसान पर 303 रन ही बना पायी। बीएसपी की ओर से संगीत सोनी ने 90 रन तथा देव आदित्य सिंह ने 56 रनों का योगदान दिया। वहीं बिलासपुर ब्लू की ओर से श्रेयम सुंदरम तथा दीपक सिंह बघेल ने 3-3 विकेट प्राप्त किये। बिलासपुर ब्लू ने 116 रनों से मैच जीत लिया।

### भिलाई को जांजगीर चांपा के विरुद्ध बढ़त

ग्रुप ए का चौथा चार दिवसीय मैच भिलाई एवं जांजगीर चांपा के मध्य सेक्टर 10 मैदान, भिलाई में खेला गया। भिलाई ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुये अपनी पहली पारी में 152.1 ओवरों में 10 विकेट के नुकसान पर 471 रन बनाये। भिलाई की ओर से साहिल रजत शरीफ ने सर्वाधिक 182 रन हर्ष शर्मा ने 59 रन बनाये। वहीं जांजगीर चांपा की ओर से शाहबान खान तथा मुरली मोहन शर्मा ने 3-3 विकेट प्राप्त किये। जांजगीर चांपा ने अपनी पहली पारी 110 ओवरों में 10 विकेट के नुकसान पर 318 रन बनाये हैं। जांजगीर चांपा की ओर से जानेन्द्र ने 99 रन तथा संजीव सिंह ने 74 रन बनाये। भिलाई की ओर से हर्ष शर्मा ने 7 विकेट प्राप्त किया। फॉलोऑन खेलने उतरी जांजगीर चांपा ने अपनी दूसरी पारी में 70 ओवरों में 5 विकेट खोकर 261 रन बनाये। जांजगीर चांपा की ओर से सुधांशु तिवारी ने नाबाद 105 रन तथा शाहबान खान ने 80 रनों का योगदान दिया। वहीं भिलाई की ओर से शुभम सिंह ने 2 विकेट प्राप्त किये। मैच ड्रा पर समाप्त हुआ, भिलाई ने प्रथम पारी की बढत प्राप्त की।

### महासमुंद के विरुद्ध सरगुजा की 4 विकेट से जीत

ग्रुप बी का तीसरा चार दिवसीय मैच महासमुंद एवं सरगुजा के मध्य आर डी सी ए मैदान, रायपुर में खेला गया। महासमुंद ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का निर्णय लिया। महासमुंद ने पहले बल्लेबाजी करते हुये अपनी पहली पारी में 93.5 ओवरों में 10 विकेट के नुकसान पर 386 रन बनाये। महासमुंद की ओर से शशांक चंद्राकर ने सर्वाधिक 171 रन तथा मनीष शर्मा ने 107 रन बनाये। वहीं सरगुजा की ओर से आराध्य गुप्ता ने 4 विकेट प्राप्त किये। सरगुजा ने अपनी पहली पारी में 73.2 ओवरों में 10 विकेट खोकर 267 रन बनाये। सरगुजा की ओर से राहुल प्रधान ने 78 रनों की पारी खेली। महासमुंद की ओर से तुशार चंद्राकर ने 4 विकेट तथा सोहित तिवारी ने 3 विकेट प्राप्त किये। महासमुंद ने अपनी दूसरी पारी में 52.5 ओवरो में 10 विकेट के नुकसान पर 178 रन बनाये। महासमुंद की ओर से ओंकार देशमुख ने सर्वाधिक 56 रन बनाये। सरगुजा की ओर से आयुष सिंह ने 5 विकेट तथा आराध्य गुप्ता ने 3 विकेट प्राप्त किये। 297 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी सरगुजा ने 91.1 ओवरों में 6 विकेट खोकर 301 रन बनाकर मैच जीत लिया। सरगुजा की ओर से आषुतोश सिंह ने नाबाद 96 रन तथा आयुश सिंह ने 91 रन बनायें। महासमुंद की ओर से सुधांशु वर्मा ने 4 विकेट तथा तुषार चंद्राकर ने 2 विकेट प्राप्त किये। सरगुजा ने मैच 4 विकेट से जीत लिया।

गुरप बी का चौथा चार दिवसीय मैच प्लेट कंबाइंड एवं बिलासपुर के मध्य दल्लीराजहरा में खेला गया। बिलासपुर ने टॉस जीतकर पहले क्षेत्ररक्षण करने का निर्णय लिया। प्लेट कंबाइंड ने पहले बल्लेबाजी करते हुये अपनी पहली पारी में 40.5 ओवरों में 10 विकेट के नुकसान पर 162 रन बनाये। प्लेट कंबाइंड की ओर से रोहन टांक ने सर्वाधिक 41 रन तथा हर्श साहु ने 30 रन बनाये। वहीं बिलासपुर की ओर से धनंजय नायक तथा मोहित राउत ने 3-3 विकेट प्राप्त किये। बिलासपुर ने अपनी पहली पारी में 65.2 ओवरों में 10 विकेट खोकर 233 रन बनाये।

## टॉक्सिन्स को लेकर एक्सपर्ट की भी जानें राय

# शरीर में टॉक्सिन्स जमा होना खतरे की घंटी, इसे पूरी तरह से निकालने आसान तरीके आजमाएं

शरीर में टॉक्सिन्स होने के कारण हम कई बीमारियों से जूझते हैं। इन टॉक्सिन्स को निकालना बहुत आवश्यक है। आइए एक्सपर्ट से जानें शरीर से टॉक्सिन्स निकालने का प्रभावी तरीका।

आज हमारी जीवनशैली ऐसी हो ली है कि हम अपने पर्यावरण और आहार के माध्यम से लगातार तरह-तरह के विषाक्त पदार्थों के संपर्क में आते हैं। ये विषाक्त पदार्थ समय के साथ हमारे शरीर में जमा होने लगते हैं। विषाक्त पदार्थों के सामान्य स्त्रोतों में पॉल्यूटेंट्स, कीटनाशक, सिंथेटिक रसायन और प्रोसेस्ड खाद्य पदार्थों में शामिल एडिटिव्स हैं। जब ये हमारे शरीर में प्रवेश करते हैं, तो वे हमारे अंगों और ऊतकों में जमा हो सकते हैं, जिससे सूजन, ऑक्सीडेटिव तनाव और सेलुलर डैमेज हो सकता है। गलत खाने का प्रभाव हमारे शरीर पर बहुत ज्यादा पड़ता है। इसके कारण थकान और कई ऑटो इम्यून बीमारियां हो सकती हैं। इतना ही नहीं, शरीर में टॉक्सिन्स यदि काफी समय तक रहें, तो अन्य गंभीर स्थितियां और स्वास्थ्य समस्याएं पैदा कर सकते हैं। ऐसे में जरूरी है कि हमारे शरीर से ये टॉक्सिन्स समय-समय पर बाहर निकलें। हालांकि, हमारे शरीर में मुख्य रूप से लिवर, गुर्दे, त्वचा, फेफड़े और पाचन तंत्र के माध्यम से विषाक्त पदार्थों बाहर निकाला जा सकता है। ये अंग शरीर को डिटॉक्सीफाई करने और आंतरिक संतुलन बनाए रखने के लिए मिलकर काम करते हैं।



### सेलुलर रिपेयर में मिल सकती है मदद

उपवास के दौरान, हमारा शरीर ऑटोफैगी नामक प्रक्रिया से गुजरता है, जहां क्षतिग्रस्त कोशिकाएं टूट जाती हैं और रिसाइकल हो जाती हैं। यह सेलुलर रिपेयर सिस्टम न केवल विषाक्त पदार्थों को हटाने में मदद करता है बल्कि स्वस्थ कोशिकाओं, टिश्यू और अंगों के पुनर्जनन को भी बढ़ावा देता है, जिससे स्वास्थ्य में सुधार हो सकता है।

ब्लड प्रेशर और शुगर के स्तर को नियंत्रित करने में मदद कर सकता है फास्ट रखने से इंसुलिन प्रतिरोध को कम करने में मदद मिल सकती है। इतना ही नहीं, इससे इंसुलिन संवेदनशीलता में सुधार करके, ब्लड शुगर के स्तर को नियंत्रित करने और टाइप 2 मधुमेह के खतरे को कम करने में मदद मिल सकती है। इससे ब्लड प्रेशर भी कम हो सकता है और हाई ब्लड प्रेशर का खतरा कम हो सकता है, जिससे हृदय स्वास्थ्य को बढ़ावा मिलता है और हृदय रोगों का खतरा कम होता है।

### उपवास रखने से टॉक्सिन्स आसानी से होते हैं शरीर से बाहर

फास्टिंग के कई बेनिफिट्स हैं और उनमें से एक है कि शरीर की डिटॉक्सिफाई करने की क्षमता को उत्तेजित करता है। जब हम उपवास करते हैं, तो हमारा शरीर ऊर्जा के प्राथमिक स्त्रोत के रूप में ग्लूकोज का उपयोग करने के बजाय फ्यूल के लिए फैट जलाता है। यह मेटबॉलिज्म बदलाव फैट सेल में स्टोर हुए विषाक्त पदार्थों को रिलीज करने के लिए ट्रिगर करता है, जिससे उन्हें कई मार्गों के माध्यम से शरीर से बाहर निकाला जा सकता है।

### टॉक्सिक ओवरलोड को कर सकता है रिवर्स

समय के साथ, हमारे शरीर में पर्यावरण प्रदूषकों, प्रोसेस्ड खाद्य पदार्थों और तनाव सहित कई जगहों से विषाक्त पदार्थ इकट्ठा हो जाते हैं। उपवास रखने से शरीर को डिटॉक्सिफिकेशन करने और इन स्टोर्ड विषाक्त पदार्थों को खत्म करने का अवसर मिलता है। इससे हमारे अंगों पर बोझ कम होता है और स्वास्थ्य को बढ़ावा मिलता है।



### कोलेस्ट्रॉल के स्तर को नियंत्रित कर सकता है

ऐसा देखा गया है कि उपवास रखने से एलडीएल कोलेस्ट्रॉल के स्तर को कम करने में मदद कर सकता है। यह एचडीएल कोलेस्ट्रॉल के स्तर को बढ़ाता है, जिससे लिपिड प्रोफाइल में सुधार होता है और हृदय रोग का खतरा कम होता है। इसके अलावा शरीर से टॉक्सिन्स निकालने के लिए आपको इन चीजों का ध्यान रखना चाहिए।



## इन वजहों से वर्कआउट के बाद हो सकता है मसल पेन

वर्कआउट के बाद मसल्स में दर्द होना बेहद ही आम बात है। हालांकि, इस तरह मसल्स में दर्द होने के पीछे कई कारण जिम्मेदार हो सकते हैं, जिसके बारे में शायद आपको ना पता हो। हम सभी को चुस्त व तंदरुस्त रहने के लिए वर्कआउट करने की सलाह जरूर दी जाती है। वर्कआउट के जरिए ना केवल आपकी अतिरिक्त कैलोरी बर्न होती है, बल्कि यह आपको अधिक एक्टिव भी रखता है। आमतौर पर, हम अपने वर्कआउट रूटीन में कई कार्डियो से लेकर स्ट्रेन्थ ट्रेनिंग तक को शामिल करते हैं। लेकिन अक्सर यह देखने में आता है कि वर्कआउट में बाद मसल्स में दर्द होता है। इतना ही नहीं, यह दर्द तुरंत नहीं जाता है।

अगर आपने हैवी वेट ट्रेनिंग की है तो यह काफी हद तक संभव है कि मसल्स का दर्द ठीक होने में आपको दो से तीन दिन भी लग जाए। आमतौर पर, यह हर किसी के साथ होता है। आपने भी इसे जरूर एक्सपीरियंस किया होगा। लेकिन क्या आपने कभी सोचा है कि वास्तव में वर्कआउट के बाद मसल्स में दर्द क्यों होता है। इसके पीछे कई वजहें जिम्मेदार हो सकती हैं। तो चलिए आज इस लेख में हम आपको ऐसी ही कुछ वजहों के बारे में बता रहे हैं-

### मसल्स फाइबर का थोड़ा सा डैमेज होना



जब हम इंटेस फिजिकल एक्टिविटी करते हैं। खासतौर से, जिसमें एक्सेन्ट्रिक मसल्स कन्ट्रैक्शन होता है, तो उस दौरान मसल्स फाइबर को थोड़ा सा डैमेज हो सकता है। अगर यह स्थिति पैदा होती हैं तो डैमेज के कारण मसल्स में इन्फ्लेमेशन ट्रिगर होता है। ऐसे में आपको मसल्स में ना केवल दर्द होता है, बल्कि स्टिफनेस का अहसास भी होता है।

**डिहाइड्रेशनः** अक्सर हम इस बात पर ध्यान नहीं देते हैं, लेकिन डिहाइड्रेशन के कारण भी मसल्स में दर्द होने की शिकायत हो सकती है। दरअसल, जब बॉडी में हाइड्रेशन सही तरह से नहीं होता है तो इससे मसल्स फंक्शन और रिकवरी पर नेगेटिव इफेक्ट पड़ता है। ऐसे में एक्सरसाइज के बाद मसल्स में दर्द और ऐंठन होने की संभावना अधिक हो जाती है।

**मसल्स का थक जानाः** अगर आपका जरूरत से ज्यादा वर्कआउट करते हैं तो इससे आपकी मसल्स में थकान का अनुभव हो सकता है। जब मसल्स थक जाती हैं तो ऐसे में उनमें दर्द होना शुरू हो जाता है। कभी-कभी तो हम वर्कआउट के बीच पर्याप्त आराम नहीं लेते हैं या फिर मसल्स को रिकवरी के लिए पर्याप्त समय नहीं देते हैं, जिसके कारण भी मसल्स में थकान होती है और दर्द बढ़ जाता है। इतना ही नहीं, इससे ओवरट्रेनिंग का खतरा भी होता है।

**इंटेंस वर्कआउट करनाः** अगर आप किसी नई एक्सरसाइज को करना शुरू करते हैं या फिर आपने इंटेंस वर्कआउट करना शुरू किया है तो ऐसे में वर्कआउट के समय व इंटेसिटी को बढ़ाने से भी मसल्स में दर्द का अनुभव होने की संभावना बढ़ सकती है।

## चैत्र नवरात्रि के दौरान जरूर करें खरीदी, घर में आएगी खुशहाली

हिंदू धर्म में चैत्र नवरात्रि में कुछ चीजें ऐसी हैं, जिसे खरीदना शुभ माना जाता है। अब ऐसे में इस दौरान किन चीजों की खरीदारी करना शुभ माना जाता है। इसके बारे में इस लेख में विस्तार से जानते हैं। चैत्र नवरात्रि का त्योहार नौ दिनों तक चलता है और इस दौरान मां दुर्गा के नौ रूपों की पूजा की जाती है। चैत्र नवरात्रि में खरीदारी करना शुभ माना जाता है। चैत्र नवरात्रि को किसी भी नए काम की शुरुआत के लिए बेहद शुभ माना जाता है। चैत्र नवरात्रि के दौरान सकारात्मक ऊर्जा का संचार होता है। अब ऐसे में चैत्र नवरात्रि के दौरान कुछ ऐसी चीजें हैं, जिसे खरीदने से व्यक्ति के जीवन में खुशियों का आगमन हो सकता है।

### मिट्टी का कलश

नवरात्रि के पहले दिन कलश स्थापना की जाती है, जिसके लिए मिट्टी के कलश का उपयोग किया जाता है। मिट्टी के कलश को शुद्ध और पवित्र माना जाता है, इसलिए इसका उपयोग शुभ कार्यों में किया जाता है। ज्योतिष शास्त्र में मिट्टी के बर्तन को समृद्धि का कारक माना गया है। इसलिए मां दुर्गा की पूजा के लिए मिट्टी के बर्तन ही खरीदें।

### चांदी का सिक्का

चैत्र नवरात्रि के दौरान चांदी का सिक्का खरीदना बेहद शुभ माना जाता है। नवरात्रि में चांदी का सिक्का खरीदने से घर में सुख-समृद्धि और धन का आगमन होता है। नवरात्रि में चांदी का सिक्का खरीदने से सौभाग्य बढ़ता है और जीवन में सकारात्मक बदलाव आते हैं। चांदी के सिक्के को नवरात्रि पूजा में रखना शुभ माना जाता है। इससे देवी दुर्गा की कृपा प्राप्त होती है।

जौ को सृष्टि की पहली फसल माना जाता है,



इसलिए इसे पूजा में शामिल करना शुभ माना जाता है। नवरात्रि में जौ बोने से देवी दुर्गा प्रसन्न होती हैं और भक्तों को सुख-समृद्धि का आशीर्वाद देती हैं।

### पीले चावल

पीले चावल को शुभता और समृद्धि का प्रतीक माना जाता है। नवरात्रि में इनका उपयोग देवी दुर्गा की पूजा में किया जाता है, जिससे घर में सुख-शांति और समृद्धि आती है। पीले चावल का उपयोग देवी-देवताओं को आमंत्रित करने के लिए किया जाता है। माना जाता है कि पीले चावल अर्पित करने से देवी-देवता प्रसन्न होते हैं और भक्तों की मनोकामनाएं पूरी करते हैं।

### श्रृंगार का सामान

चैत्र नवरात्रि के दौरान श्रृंगार का सामान खरीदना बहुत शुभ माना जाता है। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार, नवरात्रि में सोलह श्रृंगार का सामान खरीदने और मां दुर्गा को अर्पित करने से सौभाग्य में वृद्धि होती है और घर में सुख-समृद्धि आती है।

## घर पर आसानी से बनाए जा सकते है रंग-बिरंगे स्प्रिंकल्स

डेजर्ट की टॉपिंग्स में सुंदर रंग-बिरंगे स्प्रिंकल्स का इस्तेमाल किया जाता है। बाजार में मिलने वाली स्प्रिंकल्स में प्रिजर्वेटिव्स हो सकते हैं, लेकिन आप उन्हें घर पर भी बना सकते हैं। आइए जानें इन्हें बनाकर स्टोर करने का तरीका क्या है।



### स्प्रिंकल्स क्या होते हैं?

स्प्रिंकल्स छोटे-छोटे रंग-बिरंगे टुकड़े होते हैं, जो आमतौर पर शुगर, चॉकलेट या अन्य मीठे पदार्थ से बने होते हैं। इनका इस्तेमाल केक, कुकीज, डोनट्स, आइसक्रीम और अन्य डेजर्ट को सजाने के लिए किया जाता है। स्प्रिंकल्स कई तरह के होते हैं, जैसेःशुगर स्प्रिंकल्स- ये चीनी से बने होते हैं। ये कई रंगों में आते हैं। चॉकलेट स्प्रिंकल्स- ये कोको पाउडर और शुगर से तैयार किए जाते हैं। नट्स और सीड्स स्प्रिंकल्स- बादाम, अखरोट, कद्दू के बीज आदि से बनाए जाते हैं। कोकोनट स्प्रिंकल्स- सूखे नारियल से बने होते हैं,।

भिलाई बाजार



भिलाई शरह में सुप्रसिद्ध ज्योतिष
पं. सूर्य कुमार शर्मा माँ बगुला मुखि उपासक
फीस 251/-
पं. सूर्य कुमार शर्मा माँ बगुला मुखी की असीम कृपा और साधना द्वारा समस्या हेतु जन्म कुण्डली देखकर महा दशाओं के आधार पर आर्थिक मानसिक, शारीरिक, पारिवारिक, नौकरी एवं व्यापार संबंधित काल सर्प दोष, मांगलिक दोष, पिशाच दोष, गृहणी दोष, गृहकलेश, पति पत्नी विवाद, विवाह में बाधा, संतान सुख में कमी, गुप्त शत्रु बाधा, उच्चाटन, मारण, मस्तिष्क दमन, वशीकरण इन बाधाओं से पीड़ित भक्तगण की समस्या माँ बगुला मुखी की साधना द्वारा समाधान
माँ बगुला मुखी ज्योतिष कार्यालय
पता - जुनवानी कोहका रोड, अमन ढाबा के बाजु में, भिलाई
समय - सुबह 10 बजे से शाम 7 बजे तक
मो.: 8871250663

कार्नर न्यूज

## महिला उद्यमी बनना आज बेहतर करियर ऑप्शन

# ऑनलाइन बिजनेस करना चाहती हैं शुरू तो कुछ जरूरी टिप्स को रखें ध्यान में, मिलेगी सफलता

ऑनलाइन बिजनेस कैसे और कब शुरू किया जा सकता है, यह सब सोचकर परेशान हो रही हैं? तो यहां हम आपके लिए ऐसे टिप्स लेकर आए हैं तो आपको अपना ऑनलाइन बिजनेस स्टार्ट करने में मदद कर सकते हैं।

डिजिटल युग में सोशल मीडिया का इस्तेमाल केवल चिट-चैट के लिए नहीं हो रहा है। आज के समय में ज्यादा से ज्यादा लोगों तक पहुंचने के लिए लोग अपना बिजनेस ऑनलाइन लेकर आ रहे हैं। ऐसा इसलिए, क्योंकि इसमें ट्रेडिशनल बिजनेस की तरह ज्यादा निवेश और जोखिम नहीं होता है। अगर आप भी घर बैठे अपनी स्किल्स और क्रिएटिविटी का इस्तेमाल करके अच्छा पैसा कमाना चाहती हैं, तो ऑनलाइन बिजनेस शुरू कर सकती हैं।

ऑनलाइन बिजनेस शुरू करना बेहद आसान है, लेकिन इसे आगे बढ़ाने और ज्यादा से ज्यादा लोगों तक पहुंचाने के लिए सही रणनीति और प्लानिंग की जरूरत होती है। सक्सेस के लिए आपको सही बिजनेस आइडिया चुनने से लेकर सोशल मीडिया का सही इस्तेमाल तक, जैसी चीजों का ध्यान रखने की जरूरत होती है। अगर आप ऑनलाइन बिजनेस शुरू करने के बारे में सोच रही हैं, तो यहां हम ऐसे टिप्स लेकर आए हैं जो आपकी मदद कर सकते हैं।



### बिजनेस आइडिया

सबसे पहले आपको ऐसा बिजनेस आइडिया चुनना होगा, जो आपकी रूची और स्किल्स के साथ मार्केट की डिमांड से मेल खाता हो। क्योंकि, बिना रूची और स्किल्स के लंबे समय तक बिजनेस करने में मुश्किल हो सकती है। वहीं, अगर आपका बिजनेस आइडिया बिल्कुल भी मार्केट की डिमांड से मेल नहीं खाता होगा, तो भी आपको नुकसान का सामना करना पड़ सकता है।

### फील्ड रिसर्च

किसी भी बिजनेस को शुरू करने से पहले मार्केट की रिसर्च करना सबसे फायदेमंद माना जाता है। ऐसा इसलिए, क्योंकि इसी से आपको मार्केट की डिमांड और आपका प्रोडक्ट उसमें किस तरह से फिट होगा, इस बारे में पता चलता है।

### बिजनेस प्लान

किसी भी बिजनेस को शुरू करने से पहले प्लानिंग जरूरी होती है। बिजनेस प्लानिंग में आपको अपनी काबिलियत, टारगेट ऑडियंस, प्रॉफिट और मार्केटिंग स्ट्रेटेजी पर फोकस करना होता है।

### बिजनेस रजिस्टर करें

प्लानिंग के बाद दूसरा बड़ा काम बिजनेस रजिस्ट्रेशन माना जाता है। इसके लिए पहले बिजनेस स्ट्रक्चर बनाएं और फिर जरूरी लाइसेंस के लिए अप्लाई करें। जैसे- GST रजिस्ट्रेशन।

### ऑनलाइन प्लेटफॉर्म बनाएं

शॉपिंग प्लेटफॉर्म पर अपना प्रोडक्ट डालने के साथ ही अपना खुद भी ऑनलाइन पेज बनाएं। यूजर-फ्रेंडली वेबसाइट बनाने के लिए आप वर्डप्रेस और शॉपिफाई का इस्तेमाल कर सकते हैं।



## फिल्म इवेंट

### हॉलीवुड

## अगले साल का ऑस्कर भी होस्ट करेंगे कॉनन, चाहते हैं एड्रियन ब्रॉडी की स्पीच



हॉलीवुड फिल्म एकेडमी की तरफ से बताया गया कि अगले साल यानी 2026 में होने वाले ऑस्कर अवॉर्ड के होस्ट फिर से कॉनन ओ'ब्रायन ही होंगे। यह अवॉर्ड अगले साल 15 मार्च को होगा। 98वें ऑस्कर अवॉर्ड का होस्ट बनकर कॉनन ओ'ब्रायन भी काफी खुश हैं। कॉनन ओ'ब्रायन कहते हैं, 'अगले साल ऑस्कर को होस्ट करने का एक अकेला कारण यह है कि मैं एड्रियन ब्रॉडी को उनकी स्पीच खत्म करते हुए सुनना चाहता हूं।' इस अवॉर्ड के ब्रॉडकास्टर एबीसी के अनुसार भी मार्च महीने की शुरुआत में 97वें ऑस्कर अवॉर्ड को लगभग 19.7 मिलियन दर्शकों ने देखा। यह 2025 का सबसे ज्यादा देखा जाने वाला प्राइम टाइम एंटरटेनमेंट शो भी था।

इस बार के ऑस्कर अवॉर्ड में कॉनन की होस्टिंग की, कॉमेडी की काफी तारीफ हुई। इस बारे में डिज्नी टेलीविजन ग्रुप के अध्यक्ष क्रेग एर्विच कहते हैं, 'कॉनन की अलग किस्म की कॉमेडी स्टाइल ऑस्कर अवॉर्ड के हर पल को खास बनाती है। अगले साल भी वह अपने इस टैलेंट से दशकों को मनोरंजन करेंगे, मैं इसके लिए काफी एक्साइटेड हूं।'

अगले साल कॉनन ओ'ब्रायन के साथ कुछ और लोगों की टीम भी होगी, जिसमें राज कपूर और कैटी मुलान शो के एग्जीक्यूटिव प्रोड्यूसर होंगे। जेफ रॉस और माइक स्वीनी प्रोड्यूसर के तौर पर ऑस्कर में वापस आएंगे। ऑस्कर अवॉर्ड में हॉलीवुड के अलावा दुनिया भर की फिल्में शामिल होती हैं, नॉमिनेट होती हैं। यह अवॉर्ड फिल्ममेकर्स के लिए काफी मायने रखता है।

### टॉलीवुड

## आधी रात रिलीज हुआ 'एल2: एम्पुरान' का ट्रेलर, पुराने अवतार में दिखे मोहनलाल



पृथ्वीराज सुकुमारन निर्देशित और मोहनलाल अभिनीत बहुप्रतीक्षित फिल्म 'एल2: एम्पुरान' का ट्रेलर आधी रात को रिलीज हुआ। इस सरप्राइज रिलीज ने फैंस को चौंका दिया। कुछ दिनों पहले फिल्म का टीजर रिलीज किया गया था। जिसने फैंस की उत्सुकता को बढ़ा दिया था। अभिनेता और निर्माताओं ने अलग-अलग भाषा में अपने सोशल मीडिया हैंडल पर ट्रेलर को शेयर भी किया है। ट्रेलर में मोहनलाल खुरेशी अब्राम या स्टीफन नेदुमपल्ली के रूप में नजर आए। उनकी प्रभावशाली मौजूदगी चौंकाने वाली है। खुरेशी के बीते हुए कल की झलक भी इसमें मिलती है। ट्रेलर में एक राजनीतिक दल के भीतर के भयंकर सत्ता संघर्ष को भी देखा जा सकता है। यह ट्रेलर एक पूर्व विधायक से इतने सारे लोग क्यों डरते हैं? उसके अतीत में कौन से रहस्य छिपे हैं? जैसे सवाल फैंस के लिए छोड़ता है, जिसका जवाब बड़े पर्दे पर ही मिल सकता है। ट्रेलर में मोहनलाल खुरेशी के किरदार में नजर आए। पृथ्वीराज ने जायद मसूद के रुप में स्क्रीन प्रजेंस पर दमदार उपस्थिति दर्ज की। टोविनो थॉमस के जथिन रामदास, मंजू वारियर की प्रियदर्शिनी रामदास और इंद्रजीत सुकुमारन के गोवर्धन के रुप में नजर आए। ट्रेलपर के साथ फिल्म की रिलीज डेट भी सामने आ चुकी है। यह फिल्म 27 मार्च को मलयालम, तमिल, तेलुगु, कन्नड़ और हिंदी में रिलीज होगी। फिल्म को लेकर काफी लंबे समय से चर्चा थी। बीच में इसके रिलीज की तारीख बदलने की भी अफवाह उड़ी थी, लेकिन अब निर्माताओं ने ट्रेलर के साथ फिल्म के आधिकारिक रिलीज की भी घोषणा कर दी है।

### छॉलीवुड

## प्यार को नये रूप में परिभाषित करती फिल्म 'मया के पाती' आज से बड़े परदे पर



स्काईलाइन स्टूडियोज़ के बैनर तले बनी छत्तीसगढ़ी फ़िल्म 'मया के पाती' 21 मार्च से भिलाई के चन्द्रा सिनेमा, पीवीआर व दुर्ग के के शेरा शेरा व अप्सरा टॉकीज सहित पूरे छत्तीसगढ में एक साथ प्रदर्शित होने जा रही है। इसके डिस्ट्रिब्यूर लक्की रंगशाही है। डायरेक्टर जे नूतन पंकज ने बताया कि फिल्म में प्यार की अनोखी कहानी है, जो सबसे जुदा है। फिल्म में रायपुर से कांकेर के आस पास बहुत अच्छे मनोरम दृश्य वाले लोकेशंस हैं जो फिल्म की कहानी को एक नया आयाम देते नजर आएंगे। इसमें दर्शकों के शुद्ध मनोरंजन के लिए कॉमेडी का भी भरपूरी तड़का है। प्रोड्यूसर नूतन शंकर ने दावा किया कि आज तक लव स्टोरी की ऐसी कहानी पर फ़िल्म नहीं बनी है। 'मया के पाती' एक विजुअल ट्रीट साबित होगी। फिल्म में कर्णप्रिय सात गाने हैं जो यू टयूब में सॉन्ग जी म्यूजिक छत्तीसगढी से रिलीज होने के बाद दर्शकों को अभी से बेहद पसंद आ रहे है। फ़िल्म में मुख्य किरदार काजल सोनबर, किशन सेन, भूपेश लिलहारे, श्रुति सिंह, दिव्या नागदेव, मोहन चौहान, संगीता निषाद, कीर्ति जैसवाल, रघुबीर सिंह, राजा ठाकुर ने निभाया है। फिल्म के सभी दृश्यों को अपने कैमरे में कैद करने का कार्य कैमरामैन राज ठाकुर, ने किया है तो इसके डांस डायरेक्टर वत्सल, मिहिर, म्यूजिक डायरेक्टर जे नूतन पंकज, सूरज महानंद है। वहीं डायरेक्शन पक्ष के अन्य सहयोगियों में उद्धव यादव, राकेश विक्रम सिंह, दीपक जैन है। प्रोडक्शन मैनेजर सरोज यादव, कॉस्ट्यूम कीर्ति शंकर का है। एग्जीबिटर और डिस्ट्रीब्यूटर लकी रंगशाही ने कहा, यह बहुत अच्छी पहल है। इस कॉन्टेस्ट से दर्शकों में जुड़ाव आएगा। जीवन में हर किसी ने 'मया के पाती' लिखी है। मैंने भी लिखी है। यूएफओ छत्तीसगढ़ इंचार्ज राकेश मिश्रा कहते हैं, ये काफी अच्छा कॉन्टेस्ट है। जिन दर्शकों के लिए फिल्म बनाई गई है, उनको सीधे तौर पर इन्वॉल्व किया जाना अच्छा कदम है।

### लाइफ स्टाइल



लेस का जलवा

वसंत/गर्मियों 2025 के लिए नाजुक लेस ट्रेंड पारदर्शी, नाजुक कपड़ों की सुंदरता को दर्शाता है। वैलेंटिनो और फिलॉसफी डि लोरेंजो जैसे डिजाइनरों ने हवादार, अलौकिक पोशाक बनाने के लिए लेस का उपयोग किया है जो लालित्य और डिजाइनर के साहस को पूरी तरह से संतुलित करते हैं। यह ट्रेंड विंटेज आकर्षण को आधुनिक डिजाइन के साथ जोड़ता है।

## इस मौसम आपकी स्किन का ख्याल रखेंगे अखरोट से बने हुए स्क्रब

इन दिनों ठंड पूरी तरह से गई नहीं है और गर्मी बढ़ने लगी है। ऐसे में अक्सर हमारी स्किन डल व बेजान नजर आने लगती है। ऐसा इसलिए होता है, क्योंकि डेड स्किन सेल्स स्किन पर जमा होने लगते हैं। अक्सर लोग विंटर में स्किन को एक्सफोलिएट नहीं करते हैं। उन्हें लगता है कि इससे उनकी स्किन और भी ज्यादा रूखी हो जाएगी। जबकि ऐसा नहीं है। आप अपनी स्किन की केयर करने के लिए अखरोट का इस्तेमाल कर सकती हैं। अखरोट स्किन के लिए एक बेहतरी स्क्रब की तरह काम कर सकता है।



### अखरोट और जैतून के तेल से बनाएं स्क्रब

अखरोट एक प्राकृतिक एक्सफोलिएंट के रूप में कार्य करता है और डेड स्किन सेल्स को हटाता है। वहीं, शहद में मॉइश्चराइजिंग गुण होते हैं और जैतून का तेल भी आपकी स्किन को नरिश्ड करता है। सबसे पहले एक बाउल में बारीक पिसे हुए अखरोट, शहद और जैतून का तेल मिलाएं। अब नहाने से पहले इस स्क्रब को अपने चेहरे व शरीर पर लगाएं। करीबन 2-3 मिनट तक सर्कुलर मोशन में धीरे-धीरे मसाज करें। अंत में, गुनगुने पानी से धो लें। नहाने के बाद स्किन को मॉइश्चराइज करना ना भूलें।

### केले और अखरोट से बनाएं स्क्रब

आप केले और अखरोट की मदद से भी स्क्रब बना सकती है। केले में मौजूद विटामिन स्किन को पोषित करते हैं, जबकि अखरोट स्किन को एक्सफोलिएट करता है। इसी तरह, दही आपकी स्किन को सूदिंग इफेक्ट देती है।


### इस्तेमाल का तरीका-

एक बाउल में अखरोट, मसला हुआ केला और दही मिलाएं। अब तैयार स्क्रब को अपने चेहरे व शरीर पर लगाएं। सर्कुलर मोशन में कुछ मिनट तक मसाज करें। अंत में, गुनगुने पानी से धो लें। एवोकाडो विटामिन और फैटी एसिड से भरपूर होता है, जो स्किन को हाइड्रेशन प्रदान करता है। वहीं, शहद भी आपकी स्किन की नमी को बनाए रखने में मददगार है। इसलिए, यह स्क्रब विंटर के लिए काफी अच्छा है।

## रॉयल लुक के लिए साड़ी के साथ पहनें खास इयररिंग्स



रानी की तरह तैयार होना हर लड़की को पसंद होता है। इसके लिए आप अलग-अलग तरह की ज्वेलरी को स्टाइल कर सकती हैं। खूबसूरत दिखना हर लड़की को पसंद होता है, खासकर रानियों की तरह तैयार होना। कई सारी लड़कियां उसी लुक के लिए एंटीक ज्वेलरी भी स्टाइल करना पसंद करती हैं, तो कुछ एक्सपेंसिव एक्सेसरीज को आउटफिट के साथ स्टाइल करती हैं। कई बार ऐसा होता है कि हम कुछ इयररिंग्स खरीदकर तो ले आते हैं लेकिन जब वियर करते हैं तो रॉयल नहीं लगते हैं। इसके लिए आप आर्टिकल में बताए गए इन इयररिंग्स डिजाइन को ट्राई कर सकती हैं।



### स्टोन वर्क डैंगलर इयररिंग्स



स्टोन वर्क ज्वेलरी आजकल काफी ट्रेंड में है आप भी इस तरह की ज्वेलरी को इस बार रॉयल लुक के लिए ट्राई करें। इसमें आपको डैंगलर इयररिंग्स के काफी अच्छे और सुंदर डिजाइन मिलेंगे। जिन्हें आप साड़ी, सूट या फिर हैवी वर्क लहंगे के साथ भी वियर कर सकती हैं। इसमें एक लटकन भी आती है जिसमें सेम वर्क किया होता है। इसे भी आप वियर कर सकती हैं। वरना आप चाहे तो इसे हटा भी सकती हैं। इस तरह के इयररिंग्स आपको मार्केट में 250 से 500 रुपये में मिल जाएंगे।

### डायमंड स्टोन इयररिंग्स

रॉयल लुक जो होता है उसमें कोई भी ज्यादा हैवी ज्वेलरी रोजाना पहनना पसंद नहीं करता है। ऐसे में आप भी डायमंड स्टोन वर्क वाले इयररिंग्स (इयररिंग्स डिजाइन) को वियर कर सकती हैं। इसमें आपको काफी सारे अच्छे डिजाइन मिल जाएंगे, जैसे रेड स्टोन डायमंड इयररिंग्स, ग्रीन यहां तक की पूरा ग्रे भी मिल जाएगा। जिसे आप किसी भी आउटफिट के साथ पहन सकती हैं। इस तरह के इयररिंग्स मार्केट में 500 से 1000 रुपये में मिलेंगे।

## शादी के चूड़े को इस तरह कराएं कस्टमाइज

बाजार में आपको चूड़ा कस्टमाइज कराने के लिए बहुत सारे विकल्प मिल जाएंगे। आपके लिए कुछ ऐसे ऑप्शन, जिन्हें देखकर आपको भी अपने लिए चूड़ा डिजाइन करवाने में मदद मिलेगी।



### पिंक चूड़ा डिजाइन

आजकल लहंगे के रंग के हिसाब से भी आपको मार्केट में चूड़ा मिल जाएगा। आजकल ब्राइडल लहंगों में पिंक कलर बहुत ट्रेंड कर रहा है। बाजार में आपको पिंक कलर के चूड़े में बहुत सारे ऑप्शन मिल जाएंगे। आप चाहें तो इन्हें अपने हिसाब से कस्टमाइज भी करा सकती हैं। बाजार में चूड़ियों में एक नहीं कई तरह की वेराइट मिल जाएंगी। चूड़े के लिए मेटल या फाइबर की चूड़ियां बेस्ट रहती हैं। आप सिंपल या डिजाइन वाली कैसी भी चूड़ी अपने लिए चुन सकती हैं और इसके साथ आप मोती वाले डिजाइनर कड़े या फिर जरकन वाले कड़े लगा सकती हैं। यदि आपको और भी ज्यादा हैवी लुक में चूड़ा चाहिए तो पिंक के साथ आप मल्टी कलर वाले कुंदन और स्टोन वर्क से सजे ब्रॉड कड़े क्लब कर सकती हैं। यदि आप सिंपल लुक चाहती हैं, तो वेल्वेट कोटिंग वाली चूड़ियों के साथ जरकन के कड़े और चूड़ियां पेयर अप कर सकती हैं।

### लटकन वाला चूड़ा सेट

लटकन वाले चूड़ी सेट का फैशन नया नहीं है, मगर इसमें आपको ढेरों वेराइटी देखने को मिलेंगी। आप इस तरह का चूड़ा सेट भी बनवा सकती हैं। इसमें आपको झुमका लटकन, झालर लटकन और वॉटर ड्रॉप लटकन आदि मिल जाएंगे। लटकन वाले चूड़ा सेट के साथ आप फाइबर और मेटल की सिंपल चूड़ियों या जरी वर्क वाली चूड़ियों को क्लब कर सकती हैं। इस तरह के चूड़ा सेट में आप बीच-बीच में चूड़ी और डिजाइनर लुक वाले कड़े लगवा सकती हैं। इस बात का ध्यान रखें कि बहुत ज्यादा हैवी वेट वाले कड़े न कैरी करें, वरना आपको हाथों के मूवमेंट में दिक्कत हो सकती है।

## दुपट्टा नहीं पहनना है तो अपना सकती हैं खास डिजाइन

स्टाइलिश दिखने के लिए आपको सूट की स्टाइलिंग बॉडी के टाइप के अनुसार ही करनी चाहिए। इसके लिए लेटेस्ट फैशन ट्रेंड को फॉलो कर सकते हैं। बदलते दौर में भी सलवार-सूट को काफी पसंद किया जाता है। इसमें रेडीमेड से लेकर आपको कस्टमाइज्ड लुक में भी सूट के काफी डिजाइन मिल जाएंगे। आजकल की बात करें तो मॉडर्न स्टाइलिंग को काफी पसंद किया जाने लगा है। आजकल बिना दुपट्टे के सलवार-सूट को पहनना बेहद पसंद किया जा रहा है। तो चलिए आज हम आपको दिखाने वाले हैं सलवार-सूट के खास डिजाइंस जिन्हें आप बिना दुपट्टे के भी पहन सकती हैं। साथ ही बताएंगे इन लुक्स को स्टाइल करने के आसान टिप्स-

### सिल्क लूज सूट

आजकल पाकिस्तानी स्टाइल सिंपल और लूज सूट को काफी पसंद किया जा रहा है। इस प्लेन सूट को डिजाइनर ब्रांड मिसरी बाय मेघना नय्यर द्वारा डिजाइन किया गया है। इस तरीके का सूट आप चंदेरी सिल्क फैब्रिक खरीदकर किनारी लेस लगवाकर स्टाइलिश बना सकती हैं।

### लेस डिजाइन सूट

लेस में आजकल गोटा-पट्टी वर्क को काफी पसंद किया जा रहा है और इसके कई रेडीमेड डिजाइंस आपको ऑनलाइन देखने को आसानी से मिल जाएंगे। इस तरह का सूट आप प्रिंटेड फैब्रिक लेकर भी बनवा सकती हैं।



### कार्नर न्यूज

### बनाइए अपनी वार्डरोब का हिस्सा, हर मौके पर लगेंगे खास

## मेंस सूट में चाहिए स्टाइल तो अपनाइए इन कलर्स को, आपके जलवे दिखेंगे महफिल में हर तरफ

मेंस स्टाइल में सूट ऐसा अटायर है, जिसके बिना मेंस वार्डरोब अधूरी है। ऑफिस की पार्टी हो या दोस्त की शादी, सूट ऐसा पहनावा है जिसको पहनकर स्मार्टनेस आना तय है। कुछ लोग तो सूट पहनने के इतने शौकीन होते हैं कि वे सूट का दमदार कलेक्शन रखते हैं। सूट की लोकप्रियता को देखते हुए बाजार में भी अब पहले की तरह ब्लैक या व्हाइट सूट ही नहीं मिलते। अब तो हरे, पिंक और यलो कलर तक के सूट बाजार में मिल रहे हैं। लेकिन सवाल यह है कि आप सूट के किन कलर्स को प्रायोरिटी दें। इसके लिए आपको उन कलर का सिलेक्शन करना है, जो वर्सेटाइल एवरग्रीन हों और किसी भी फंक्शन में रंग जमा दें। अगर आप भी सूट के कलर का सिलेक्शन करने में कन्फ्यूज हैं तो परेशान न हो। आज हम आपको बताते हैं सूट के क्लासिक कलर के बारे में।



### नेवी ब्लू है एवरग्रीन

सूट के कलर्स में नेवी ब्लू को एवरग्रीन कलर माना जाता है। सूट का ये कलर वर्ल्ड वाइड सबसे ज्यादा फेवरेट है। सूट के बड़े-बड़े स्टोर भले ही किसी कलर को बल्क में रखें या न रखें, लेकिन इसे तो बिल्कुल रखते हैं। नेवी ब्लू कलर सिंपल और स्टेट फार्वर्ड है। इसे एक जेंटलमैन कलर भी कह सकते हैं। नेवी ब्लू कोट-पेंट के साथ जरूरी नहीं कि आप ज्यादा महंगी शर्ट पहनें। यह कलर इतना कंपलीट और डोमिनेटिंग है कि इसके साथ कोई भी सिंपल मोनोक्रोम कलर की शर्ट पहन सकते हैं। वी-शेप बॉडी के ऊपर नेवी ब्लू कलर क्लासी लगता है। कारण है बॉडी के हिसाब से सूट की फिटिंग। फिट बॉडी और सूट की फिटिंग, दोनों ही बॉडी शेप को उभारते हैं। नेवी ब्लू कलर में एक खासियत और है, वो ये कि यह कलर आपकी उम्र कम यानी आपको यंग दिखाता है।

### चारकोल ग्रे सूट

चारकोल ग्रे और नेवी ब्लू कलर में पहले कॉम्पिटीशन था कि पसंद के मामले में पहले पायदान पर कौन है। बाजी भले ही नेवी ब्लू ने मारी हो लेकिन इसका मतलब यह नहीं कि चारकोल ग्रे किसी मामले में कमतर है। नेवी ब्लू के बाद सबसे ज्यादा पसंद किया जाने वाला कलर चारकोल ग्रे ही है। वैसे ये कलर हर एज ग्रुप के लड़कों पर अच्छा लगता है। लेकिन अगर आप यंग है और अपनी पर्सनैलिटी को सीरियस दिखाना चाहते हैं तो यह कलर बेस्ट है। चारकोल ग्रे ईजी टू मैच है। इसके साथ आप किसी भी कलर, किसी भी पैटर्न और किसी भी फैब्रिक की शर्ट पहन सकते हैं। जब बात फार्मल क्लोथिंग की हो तो चारकोल ग्रे बेस्ट ऑप्शन है। इसे आप ऑफिशियल-नॉन आफिशियल मीटिंग्स या किसी फैमिली फंक्शन में कैरी कर सकते हैं।



### कैम्ब्रिज ग्रे या मीडियम ग्रे

ग्रे कलर में कई ऑप्शन हैं। इसका एक शेड कैमब्रिज भी है। कैमब्रिज ग्रे, चारकोल ग्रे से थोड़ा हल्का होता है। लेकिन दिखने में यह भी चारकोल ग्रे जैसा ही स्टाइलिश है। अगर आप कैमब्रिज ग्रे सूट पहनते हैं तो यह चारकोल ग्रे शेड से एक दो प्वाइंट हल्का ही रहेगा।